ललिता

षाण्मासिकी

कवि-भारती

L A L I T Ā

राष्ट्रिया शोध-पत्रिका

प्रथमोऽङ्कः

संरक्षकाः

जगद्गुरुश्रीमद्रामानुजाचार्यस्वामिश्रीवासुदेवाचार्य 'विद्याभास्कर' महाराजाः

2018

प्रधानसंपादकः

डॉ० कमलाकान्तत्रिपाठी

किशोर-विद्या-निकेतनम्

बी-2/236-ए-1, (भारतीय स्टेट बैंक अस्सी शाखा)

भदैनी, वाराणसी-221001

विक्रमसंवत् २०७५ ई० २०१८

Published by:
Kishor Vidya Niketan
B-2/236-A-1, Bhadaini, Varanasi-221001
www.kishorvidyaniketan.com

I S S N : 0975-6256

Price: 200-00

Address for Correspondence:
Dr. Santosh Dwivedi
Proprietor
Kishor Vidya Niketan
B-2/236-A-1, Bhadaini, Varanasi- 221001
email : kvnpublisher@gmail.com
website: www.kishorvidyaniketan.com

All Right Reserved with Publisher

DISCLAIMER: The opinions expressed in **LALITĀ KAVI-BHĀRATI** are those of the authors and contributors, and do not necessarily reflect those of the editors, the editorial board, Lalita Kavi-Bharati, Kishor Vidya Niketan, or the organization to which the authors are affiliated.

Printed at:
Sri Mahavir Press
Varanasi

ललिता

कवि-भारती

प्रवर्तकः

पं० शिवदत्त शर्मा चतुर्वेदी

स्व० पं० नंदकिशोर द्विवेदी

परामर्शकाः

प्रो० बालशास्त्री

प्रो० कृष्णकान्त शर्मा

डॉ० हरिप्रसाद अधिकारी

डॉ० उमाकांत चतुर्वेदी

सम्पादकमण्डलम्

प्रो० शीतलाप्रसाद उपाध्यायः

प्रो० सदाशिवकुमार द्विवेदी

डॉ० शिवरामशर्मा

डॉ० माधवी शर्मा

संरक्षकाः

जगद्गुरुश्रीमद्रामानुजाचार्यस्वामिश्रीवासुदेवाचार्य 'विद्याभास्कर' महाराजाः

प्रधानसम्पादकः

डॉ० कमलाकान्तत्रिपाठी

सम्पादकः

डॉ० संजीवशर्मा

प्रबन्धसम्पादकौ

डॉ० राजेश कुमार श्रीवास्तवः

डॉ० दीपञ्जय श्रीवास्तवः

डॉ० राकेश कुमार मिश्रः

डॉ० देवात्मा दूबे

सूचना

सुधी विद्वानों एवं संस्कृतसाहित्यप्रेमियों के विशेष आग्रह का समादर करते हुए ''**ललिता-कविभारती**'' वार्षिक के स्थान पर वर्ष २००९ से अर्धवार्षिक अर्थात् वर्ष में दो अंक प्रकाशित होगा।

लेखकों के लिए-

* लेखों का विषय संस्कृत साहित्य से सम्बन्धित होगा। जिसकी भाषा मुख्यतः संस्कृत होगी। हिन्दी एवं अंग्रेजी के लेख भी स्वीकार्य होंगे परन्तु उनका विषय सर्वथा संस्कृत वाङ्मय से सम्बन्धित ही होना चाहिए।
* स्वलिखित लेख शुद्ध करके प्रकाशक के पते पर प्रेषित करें, भाषागत अशुद्धि अधिक होने पर लेख प्रकाशन पर विचार नहीं किया जायेगा।
* लेख (Stardust, A.P.S. font) में टाइप होने चाहिए। लेख की प्रिन्ट एवं C.D. प्रकाशक के पते पर डाक से भेजें।

नोट- **ललिता** कविभारती-२००८ के अनन्तर अंकों में लेखकों के कार्यक्षेत्र-विवरण के प्रकाशन की योजना है जिसकी पूर्त्ति हेतु लेखकों से निवेदन है कि लेखों के साथ-साथ अपने कार्यक्षेत्र के विवरण, फोन नम्बर, ई-मेल पता प्रकाशक के पते पर भेजें।

संपर्क- पत्रिका के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए प्रकाशक से सम्पर्क करें-

डॉ० संतोष द्विवेदी
किशोर-विद्या-निकेतनम्,
ललिता (कविभारती)
बी-2/236-ए-१ भदैनी, वाराणसी-२२१००१
9415996512
Email : kvnpublisher@gmail.com, Website : www.kishorvidyaniketan.com

---

SUBSCRIPTION OF LALITĀ KAVI-BHĀRATI

Note: *Membership request is available at website of KVN.*

For Institute/University/Libraries:

(Life time, 15 years, 30 Issue)	INR 5000-00/USD 150
Yearly Membership (two Issue)	INR 400-00
	(Including Postage)

For Individuals:

(Life time, 15 years, 30 Issue)	INR 3000-00/USD 100

सम्पादकीयम्

अखण्डं सहजञ्चैव सच्चिदाकारविग्रहम्।
सर्वशेषितया भान्तं तमानन्दमुपास्महे।।

राष्ट्रियशोधपत्रिकाया ललिताकविभारत्याः २०१८ वार्षिकं प्रथममङ्कं विपश्चितां समक्षं प्रकयटन्नहं हर्षनिर्भरमात्मानमनुभवामि। अस्मिन्नङ्के नैकविधाः शोधलेखाश्चकासति येषु श्रीमतोऽमरेशकुमारस्य भाषानिबद्धं श्रीमत्स्वामिविवेकानन्दमहोदयस्य दर्शनचिन्तनेतिहासविषयकं शोधलेखमाकलय्य किञ्चिद् विवक्षामि। प्रारम्भ एव लेखकेनालेखि यत् स्वामिश्रीविवेकानन्दो भारतीयसंस्कृतेर्जाड्यं कुत्सितरीतिप्रवणमन्धविश्वासं परम्परावादिचिन्तनञ्च विहाय मानवतावादं समतावादं न्यायवादमात्मचेतनामात्मगौरवं च भारतीयजनतासु प्रसारयितुं प्रायततेति। यदि तदेव श्रीविवेकानन्दस्वामिनः कार्यजातं तर्हि मन्तव्यमेव सकलैराप्तजनैस्तस्य चतुर्दशविद्यास्थाननिष्कर्षभूतधर्माधर्मवैपरीत्यापादनमेव सर्वात्मना विलसितं विकारजातमिति। भारतीया संस्कृतिरित्यत्र भारतीयत्वविशेषणं व्यर्थं होलाकाधिकरणविरुद्धञ्च। संस्कृतिस्तु संस्कार एव शास्त्रजन्मा सर्वत्र भुव्येकरूप एव भाति यत्रान्यथाभावो विकृतिपदवाच्यः। शास्त्रमूलकत्वमेव भगवता जैमिनिना संस्कृतेर्द्वादशलक्षणात्मक-मीमांसायां प्रत्यपादि यदा तदा तत्र जाड्योद्भावनं महासाहसम्। संस्कृतौ शास्त्रमूलिकायां कुरीतिप्रवणोऽन्धविश्वासोऽपि किं सम्भावयितुं शक्यते यत्राद्यावधि शास्त्रज्ञानां पूर्वपक्षखण्डनपुरस्सर-वेदाविरुद्धसत्तर्कमहिम्ना निर्णयश्चकास्ति। परम्परावादिनी विचारधारा न दोषाय प्रकल्पते यदा तदा तस्यास्त्यागस्यावसर एव कुतः? जडताऽन्धविश्वासः पारम्पर्यविचारप्रहाणञ्च शाक्यार्हतादिवेदबाह्येष्वेव प्रवर्तन्ते न वैदिकमार्गावलम्बिषु। एवन्तर्हि वेदबाह्येष्वेव यज्जाड्यादि तस्यैव प्रहाणमुचितम्। वैदिकेषु शास्त्रमूलकं यत् तत् सर्वं ग्राह्यमेव। परित्यक्तवान् वैदिकीं धारां स्वामिश्रीविवेकानन्दस्तर्हि तरुणानामादर्शः कथं भवितुमर्हति? स स्वामी मानवतावादं साम्यवादं न्यायवादमात्मचेतनामात्मगौरवं राष्ट्रवादञ्च प्रासारयदिति यदुक्तं लेखकेन तत्र सोऽनुयोक्तव्यः कस्माद् गृहीतवान् स्वामी श्रीविवेकानन्दो मानवतादिगुणजातमिति। अनेकशाखासु विभक्ताश्चत्वारो वेदा अष्टादशपुराणानि तथैवोपपुराणानि परमर्षिप्रोक्तमनेकसंख्याकं धर्मशास्त्रं तद्विरोधसमाधाननिर्मिता निबन्धा अङ्गशास्त्राणि षड् दर्शनानि तदीयव्याख्योपव्याख्यानानि रामायणं महाभारतं पाञ्चरात्रप्रभृतयस्तन्त्रागमग्रन्थाः कालिदासादिसत्कविप्रणीतानि महाकाव्यानि कल्पसूत्राणि चैवंविधानि शास्त्राणि जाग्रति भारते तथापि नः संस्कृतौ जाड्यादिविलसितमिति प्रचारः कस्मै प्रयोजनाय भवतीति न विदमः। लेखकस्य विशिष्टमनुसन्धानमिदमेव यत् सनातनधर्मे पौराणिकमाधारं व्युदस्य उपनिषदाधारं धर्मं कृतवानसाविति। वितथमेतद् वचः। न हि पुराणान्युपनिषद्भिर्विरुध्यन्ते। उपनिषदामेव निगूढाकूतं पुराणानि प्रकाशयन्ति। हिन्दूधर्मशब्दो भ्रान्तिकरः। त्रयीबाह्यानामपि शास्त्रविरुद्धप्रक्रियायास्तेन धर्मत्वं स्यात्। श्रीस्वामिना तावदन्धराष्ट्रवादस्य स्थाने मानवसेवात्मकं राष्ट्रवादं चकारेत्यपि भणितं लेखकेन। राष्ट्रवादोऽपि किमन्धो भवति? मानवसेवैव कथम्? संस्कृतौ त्वस्माकं सर्वप्राणिसेवा पञ्चयज्ञविधानेनाऽऽपादिता। गोसेवा तु रघुवंशमाध्यमेन रघोः प्रसिद्धैव संसारे। एवं रघुर्नस्तरुणानामादर्शः कथन्न भवितुमर्हति? रघुरेव किम्? सर्वेऽपि पुराणेषूपबृंहिता राजर्षयो ब्रह्मर्षयः

श्रीविवेकानन्दमहोदयप्रयासेनैव हिन्दूधर्मस्य नकारात्मकतत्त्वानां निःसारणमभूदित्यस्य कोऽभिप्रायः? एतेन त्वर्थात् प्रतीयते त्रयीबाह्येषु सकारात्मकानि तत्त्वानि सन्तीति। शिष्टेषु न आप्तेषु नकारात्मकता पशुप्रायेषु दृष्टमात्रव्यवहारशालिषु सकारात्मकते पादनाप्रकारो विप्रतिषिद्धः। प्रकृतलेखे श्रीशङ्कराचार्यप्रभृतिधर्माचार्यान् प्रत्युपालम्भोऽपि विलोक्यते–

'अस्माकं देशस्य धर्माचार्या अपि निम्नजातिमतां विशालभागेषु नूनमात्महीनताप्रधानं भावमभरन् येन ते नैकशताब्दीतो भूयांसमत्याचारमसहन्त'। इति।

एतेन शास्त्रकाराणामधार्मिकत्वं प्रतीयते। धर्मोऽपि वेदमूलोऽनर्थकारीति प्रख्याप्यते। एवमनुसन्धानं भवेदाधुनिकानाम्? एवञ्च, सर्वाण्येव शास्त्राण्यालोच्यन्ते फल्गुतया वैमनस्याधायकतया मानवताकलङ्करूपत्वेन च। हन्त! अपारं खेदमनुभवामि श्रीरामकृष्णपरमहंसजीमहाराजपदपङ्कजाः समाधौ हजरतमोहम्मदं प्रभुमीसामसीहञ्च साक्षात्करोतीति विलोक्य। एतद्वचस्तु योगशास्त्रविरुद्धम्। सगुणसर्वेश्वरस्य निर्विशेषपरब्रह्मणो वा साक्षात्कारं योगशास्त्रं प्रतिपादयति। वेदबाह्यानां साक्षात्कारं श्रीरामकृष्णपरमहंसपादश्रियां प्रतिपादयतामत्र देवानाम्प्रियतैव प्रतीयते। कुचक्रमिदं प्रतिभाति साम्प्रतिकेतिहासकाराणां वेदादिशास्त्रप्रदूषणेषु। तेऽपि समाजसुधारका एवेति प्रतीयते।

श्रीविवेकानन्दस्वामी प्राचीनं धर्मं व्युदस्य नूतनधर्ममाविश्चकारेत्यपि चकास्ति लेखे। अस्माकं धर्मजातस्य परिवर्तनशालिताऽनेनाभिव्यज्यते। तथा च वेदप्रामाण्यं भज्येत। 'मातृदेवोभव, पितृदेवोभव, अतिथिदेवोभव' इति नः पूर्वेषां दृष्टौ धर्मः, इदानीं मदीया घोषणा दरिद्रदेवोभव, मूढदेवोभव, अज्ञानिदेवोभव' इति श्रीविवेकानन्दस्वामिनः सूक्तिः कस्मै प्रयोजनायेति न विद्मः। किं तथाविधसामर्थ्यशालिनस्ते यद् ब्रह्मादयो देवा अपि कर्तुं न शक्नुवन्ति तद् वेदमार्गं लण्डयित्वा कपोलकल्पितं छर्दितं प्रवर्तयेयुः। नूनमुक्तप्रकारीयप्रचारमहिम्ना भारते साम्प्रतं मातापित्र्यतिथिदेवतातिरकास्तथा कर्मदरिद्राणां नेतृप्रभृतीनां मूढानां खलानां महामूर्खाणां च भूयसी प्रतिष्ठा प्रवर्धतेतमाम्। श्रीविवेकानन्दो नूतनप्रकारकान् संन्यासिनः प्रादुश्चकारेत्यस्य कोऽभिप्रायः? हन्त! पुरा विश्वामित्रोऽपि नूतनं कर्तुं प्रारभत किन्तु साफल्यं नाप। संन्यासे ब्राह्मणाधिकारः पुरुषमात्राधिकारश्च शास्त्रसिद्धो यदा तदा तद्विरुद्धेन वर्त्मना न कोऽपि संन्यासी भवितुमर्हति। आभासमानाः प्रपञ्चविताना एव खलु ते भवितुमर्हेयुः।

श्रीविवेकानन्दः प्रातःस्मरणीयदिव्यसामर्थ्यशालिनां गार्हस्थ्येऽपि परमहंसप्रतिष्ठां लभमानानां श्रीरामकृष्णपरमहंसपादश्रियां चरणरजो लब्धवानित्येव तस्य वैशिष्ट्यम्। न हि खलु विवेकानन्दः स्वामी तथां कर्तुं चिन्तयेदपि यथा धर्मशास्त्रविरोधित्वेन तस्य प्रचारः प्रचलति। घातकमेद् विशिष्टपुरुषानवलम्ब्य कदाचारप्रवर्तनप्रचारः। श्रीविवेकानन्दस्यादर्शभूताः के सन्ति इति जिज्ञासायामस्माकमितिहासपुराणमहाभारतादिषु रन्तिदेवमान्धातृहरिश्चन्द्ररघुश्रीरामचन्द्रयुधिष्ठिरप्रभृतयो न सन्तीति न कोऽपि वक्तुं पारयेत्। एवं सर्वेषां ये नः पुरुषा आदर्शास्पदत्वेनेतिहासपुराणादिषूट्टङ्किताः सन्ति त एव साम्प्रतं तरुणानामपि सन्त्विति विनिवेद्य विरमामः।

कमलाकान्त त्रिपाठी

विषयानुक्रमणिका

	सम्पादकीय		
१.	स्वामी विवेकानन्द के दर्शन एवं चिन्तन का इतिहास	अमरेश कुमार	१
२.	श्रीमद्भगवद्गीताया औपनिषदत्त्वम्	डॉ. श्रीमती के.वि.आर.बि. वरलक्ष्मी	६
३.	।।भगवद्गीतोपदेशः।।	बि. गोपालाचार	१०
४.	योगवाशिष्ठ में पुरुषार्थवाद	डॉ. दीप्ति वाजपेयी	१२
५.	नारायणभट्टकवेः धातुकाव्यम् इति लक्ष्य-लक्षणात्मकस्य शास्त्रकाव्यस्य वैलक्षण्यपरिशीलनम्	डॉ. के आञ्जनेयुलु	१९
६.	पुराणानां महत्त्वम्	डॉ. कुमारी प्रणीता	३०
७.	क्षेमेन्द्रकाव्य में विज्ञान की व्यंग्यचेतना	डॉ. पम्पा सेन विश्वास	३२
८.	Refutation of Various Definitions of Sentence by Kumarila	Dr. V. Ramya Sai	35
९.	श्रीहरिसम्भवम् महाकाव्य का सांस्कृतिक अध्ययन	शिखा अग्निहोत्री	४१
१०.	संस्कृत साहित्य में रसभेदों की महत्ता	डॉ. कुमारी प्रणीता	४४
११.	प्राचीन भारतीय दर्शन में पंचमहायज्ञ	डॉ० सोनी सिन्हा	४७

D E C L A R A T I O N

Name of the Journal	**:**	**Lalitā Kavi-Bhāratī : Vol. X, No. I, 2018**
Language	:	Sanskrit, Hindi, English
Time of Publication	:	June, 2018
Name of the Publisher	:	Dr. Santosh Dwivedi Kishor Vidya Niketan
(a) Nationality	:	Indian
(b) Address	:	Kishor Vidya Niketan B-2/236-A-1, Bhadaini, Varanasi-221001, Uttar Pradesh
Place of Publication	:	Varanasi
Name of the Printer	:	Srimahavir Press
(a) Nationality	:	Indian
(b) Address	:	Bhelupur, Varanasi
Name of the Press	:	Srimahavir Press
Name of the Editor	:	Dr. Sanjeev Sharma
(a) Nationality	:	Indian
(b) Address	:	P-1/2, Ravindrapuri, Lane No. 11, Varanasi-221001
Owner of the publication	:	Kishor Vidya Niketan B-2/236-A, Bhadaini, Varanasi- 221001, Uttar Pradesh

The above declaration is true to the best of my knowledge.

Editor

स्वामी विवेकानन्द के दर्शन एवं चिन्तन का इतिहास

अमरेश कुमार (नेट परीक्षा उत्तीर्ण)
(विषय–इतिहास)

स्वामी विवेकानन्द के दर्शन एवं चिन्तन से भारत में समग्र राष्ट्रवाद, मानवतावाद एवम् भारतीय संस्कृति का बंगाल से शुरू होकर पूरे भारत और विश्व में प्रसार हुआ। स्वामी विवेकानन्द ने भारतीय संस्कृति की जड़ता, कुरीतियों अन्धविश्वास, परम्परावादी सोच को त्याग कर मानवतावाद, समतावाद, न्यायवाद, आत्मचेतना, आत्मगौरव एवम् राष्ट्रवाद को भारतीय जन तक फैलाने का प्रयास किया। स्वामी जी के अथक प्रयास से भारतीय हिन्दू दर्शन एवम् संस्कृति का न केवल भारत में बल्कि विश्व में भी स्थापित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभायी।

"बंकिम चन्द्र ने क्रान्तिकारी धर्म की (राष्ट्रीयता, राजद्रोह और सशस्त्र क्रान्ति की) जो चिन्तन विधि और कार्य विधि दी थी स्वामी विवेकानन्द ने उसको अपने समय की आवश्यकतानुसार दार्शनिक आधार से सम्पन्न किया और अभी तक सीमित क्षेत्र की जातीयता की भावना को अखिल भारतीय जातीयता के रूप में विकसित किया। उनके भाषणों ने हिन्दूधर्मावलम्बियों को आह्लाद और नयी उमंगों से भर दिया। उन्होंने धार्मिक चिन्तन को एक नयी दिशा दी और जातीय स्वाभिमान की ऐसी प्रबल भावना जगा दी कि वह बाद के परिवेश में जातीय अहंकार के रूप में विकृत भी होने लगी। उनके उपदेश बंगाल के क्रान्तिकारियों का धर्मशास्त्र और राजनीतिशास्त्र बन गये।

स्वामी विवेकानन्द ने अन्धराष्ट्रवाद की जगह मानवसेवा को राष्ट्रवाद का आधार बनाया। मानव–सेवा में ही ईश्वर की सेवा एवम् ईश्वर की प्राप्ति का महत्त्वपूर्ण साधन बतलाया। स्वामी जी के चमत्कारी व्यक्तित्व, विचारों में स्पष्टता, निर्णय की प्रासंगिकता एवम् मानवप्रेम के प्रति समर्पण में न केवल उन्हें सामाजिक, धार्मिक सुधारक के रूप में प्रस्तुत किया बल्कि, एक सफल राष्ट्रवादी, राजनीतिज्ञ के रूप में भारतीय आध्यात्म को विश्व में स्थापित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभायी। स्वामीजी के अथक प्रयास से विश्व में हिन्दुत्व एवम् भारतीय प्राचीन संस्कृति के प्रचार–प्रसार से भारतीयों में आत्मगौरव एवम् आत्मविश्वास में लगातार वृद्धि संभव हो पायी है।

स्वामी विवेकानन्द स्वयं एक परम्परावादी, मूर्तिपूजक, साधुसन्तों की चमत्कारी शक्तियों पर विश्वास करने वाले और पुराणकथाओं को ज्यों का त्यों स्वीकार करने वाले एक महान् संत और योगसिद्ध महात्मा के रूप में प्रसिद्ध हैं और बहुत से देशवासी उन्हें सामान्य मानव नहीं, किसी देवता या पारलौकिक शक्ति के 'अवतार' तक की प्रतिष्ठा प्रदान करते हैं। उन्होंने स्वयं भी बंगाल के महान संत श्रीरामकृष्ण परमहंस देव को भगवान् के एक विशिष्ट अवतार के रूप में मान्यता दी थी, जो राम,

जो कृष्ण, वही रामकृष्ण' इस मान्यता के चलते अपने शिकागो भाषण और अमेरीका व यूरोप के कयी देशों के अनुभवों से संपन्न होकर विशेषतः भारतभ्रमण के नये अनुभवों को बटोर कर उनका सामाजिक सुधारक रूप भी प्रखर होता गया है।[१] इस दृष्टि से उनकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि उन्होंने हिन्दू-धर्म के उस समय चले आ रहे **पौराणिक आधार** को खिसका कर उसे **उपनिषदों की आधार-शिला** पर प्रतिष्ठित कर दिया।

स्वामी विवेकानन्द ने **हिन्दू धर्म के नकारात्मक तत्त्वों** को दूर कर उपनिषद्, वेद, स्मृतियों, पौराणिक कथाओं के आधार पर योग साधना, मानवतावाद, मानवसेवा, मानवप्रेम जैसे तत्त्वों को अपनाकर भारतीयों के बीच राष्ट्रवाद, आत्मनिर्भरता, आत्मविश्वास, साहस, नेतृत्वक्षमता, उत्तरदायित्व के निष्पादन एवम् समर्पण के द्वारा कार्यों की सफलता के प्रति प्रेरित किया। भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन में सामाजिक-धार्मिक सुधार-आन्दोलन में एवम् स्वतन्त्रता के पश्चात् राष्ट्रनिर्माण में स्वामी जी के दर्शन एवम् चिन्तन का उपयोग प्रत्येक जन के लिए एक प्रेरणास्रोत के रूप में दिखायी देता है।

भारत के इतिहास में हमें एक अद्भुत विशेषता दिखायी देती है। यहाँ के जो विचारक सामाजिक और धार्मिक, सुधार-आन्दोलनों के प्रखर योद्धाओं के रूप में उभरे हैं, वे राजनैतिक संघर्षों के क्षेत्र में ज्यादातर उदारवादी और साम्राज्यवादी व्यवस्था के खुले या छिपे समर्थक ही माने गये हैं। **इसके प्रतिकूल जिन्हें 'रूढ़ीवादी, पुराणपन्थी' जैसे रूपों में पहचाना गया है, वे ही साम्राज्यवाद के विरुद्ध और भारत के स्वतन्त्रतासंग्राम की प्रथम पंक्तियों में खड़े दिखायी देते हैं।** उदाहरणार्थ राजाराममोहन राय अपने प्रारंभिक अभियान में कम्पनीशासन के पक्षधर दिखायी देते हैं तथा विवेकानन्द सनातन धर्म के आधार भूमि पर क्रान्ति के पक्षधर बनते हैं। यह हो या ना हो, स्वामी विवेकानन्द के भाषणों को पढ़ने से जान पड़ता है कि वे वेदान्त या उपनिषद् के ज्ञान के ही प्रचारक नहीं हैं, वे उनको माध्यम बनाकर क्रान्तिकारी भावना का प्रसार करने में प्राणप्रण से जुटे थे। वे युवकों को उस युग में 'करो या मरो' का सन्देश दे रहे हैं, वे बलिदानी भावना को जगा रहे हैं, उस समय के 'वंशीधारी नटवर कृष्ण' को बिना कुछ कहे, उच्च पद से च्युत कर 'अट्टहासिनी, सिंहवाहिनी, सर्वशत्रुविनाशिनी' भवानी को उच्चासन पर प्रतिष्ठित कर रहे हैं, वे ललकार रहे है- 'ऐ भारत, क्या तू दूसरों की संस्थाओं पर ही निर्भर रहेगा, क्या दूसरों की प्रशंसा पाने के लिए ही व्यग्र रहेगा और पद के अधिकार के लिए मूढ़दासता, घृणित नृशंसता में फँसा रहेगा? क्या तू इस प्रकार की निर्लज कायरता से वह स्वतन्त्रता प्राप्त कर सकता है जिसे केवल वीर ही प्राप्त कर सकते है। यह ना भूल कि तेरा समाज महानता की भ्रान्ति में भूला हुआ है, अपने गिरे, गरीब, अज्ञ, मेहतर, भंगी को ना भूल, वे तेरे रक्त मांस हैं, वे तेरे भाई हैं। हे वीर, साहसकर, गर्वित हो कि तू भारतीय है और बड़े गर्व के साथ कह कि मैं भारतीय हूँ और हरेक भारतीय मेरा भाई है, भारत की भूमि मेरे लिए सर्वोच्च स्वर्ग है। भारत ही मेरी भलायी है।[२]

'विश्वास करो, विश्वास करो' यह आदेश हुआ है। ईश्वर का यह आदेश हुआ है कि भारत उठकर रहेगा, गरीब जनता सुखी रहेगी और खुशी मनाओ कि ईश्वर ने तुमको महान् कार्य के लिए चुना है।[३] स्वामी विवेकानन्द नवयुवकों को गीत पढ़ने का उपदेश देते हैं लेकिन साथ ही यह भी कह उठते हैं कि गीता पढ़ने से पहले अखाड़े में जाओ स्वास्थ्य सुधारो। भगवान् के चरणों पर ताजे फूल

ही चढ़ाये जाते हैं, बासी फूल नहीं।' 'स्वामी जी के इस प्रकार के प्रवचनों से हम इतना ही अर्थ निकाल सकते हैं कि वे अपने भाषणों से भारत में क्रान्ति के लिए उपयुक्त जमीन को तैयार कर रहे थे, किन्तु वे कोई राजनैतिक नेता नहीं थे। हम यह जरूर कह सकते हैं कि वे स्वयं अद्वैतवादी होते हुए भी संसार को मिथ्या मानते हुए भी पहले महापुरुष थे, जिन्होंने देश और समाज के बारे में सोचने और काम करने की प्रेरणा दी है। स्वामी विवेकानन्द की महानता इस बात में नहीं कि उनके दार्शनिक विचार क्या थे, उनकी महानता यह है कि उन्होंने धर्म को उपनिषद्दर्शन का आधार देकर एक ऐसा रूप देने का प्रयास किया था जो युग के अनुरूप हो और देश में प्रतिक्रिया के बजाय क्रान्तिकारी ऊर्जा पैदा करे। उन्होंने भारतीय युवकों को **पुराण पंथी मत-मतान्तरों से हटाया और उपनिषद्धर्म पर** बल दिया। कहा जाता है- अपने छात्रजीवन में वे उस समय के अनेक नवयुवकों की तरह नास्तितावाद की तरफ प्रवृत्त हो रहे थे लेकिन, स्वामी रामकृष्ण परमहंस देव के संसर्ग में आकर वे अध्यात्मवाद में डूब गये। स्वामी रामकृष्ण परमहंस देव के बारे में प्रसिद्ध है कि **वे सभी धर्मों की एकता** के प्रबलतम प्रतिपादक थे। कहा जाता है कि श्री रामकृष्ण परमहंस देव वे हिन्दू, मुसलमान, ईसाई सभी धर्मों की साधनाएँ करके अपने अनुभव से जाना था कि सारे धर्म एक ही सत्य को प्राप्त करने के विभिन्न मार्ग हैं, उन्होंने **शायद समाधि अवस्था में हजरत मुहम्मद और प्रभु ईसा मसीह का भी साक्षात्कार किया हो।** स्वामी विवेकानन्द उनके परम शिष्य थे जिन्होंने समाज-सेवा में धर्म की सार्थकता देखी।

अपने शिकागो के भाषण में उन्होंने अत्यन्त प्रभावशाली ढंग से भारत को और उसके साथ ही भारत के उपनिषद्धर्म को गौरवान्वित किया था। उन्होंने हिन्दूधर्म को सब धर्मों का मूल माना था। उन्होंने हिन्दूधर्म की सब से बड़ी विशेषता यही बतायी थी कि वह सब धर्मों की एकता का पाठ पढ़ता है, 'सारे धर्म एक ही सत्य को पाने के भिन्न-भिन्न मार्ग है।'[४] "वह समय था, **जब भारत में इसाई पादरी भारतवासियों में आत्महीनता का भाव जगाने के लिए हिन्दूधर्म की निन्दा करना ही अपना परम-पवित्र कर्त्तव्य मानते थे।** यहाँ बड़े-बड़े शहरों में मध्यम वर्ग का एक-एक भाग उस प्रकार के प्रभाव में अपने को सचमुच हीन मान बैठा था। अपने को हीन समझने वाली जाति कभी स्वतंत्रता की बात सोच भी नहीं सकती थी। **हमारे देश के धर्माचार्यों ने भी हिन्दूजनता मुख्यतः निम्न जातियों के विशाल भाग में आत्महीनता के ऐसे भाव भर दिए थे कि वे सदियों से उनके अत्याचारों को बरदाश्त करते रहे थे।** स्वामी जी ने अपने इस भाषण में भारत के भिखमंगों तक को इसाई पादरियों से श्रेष्ठ साबित कर दिया था। जो हो, स्वामी जी के इस भाषण ने इस आत्महीनता की भावना पर वज्रप्रहार किया था, उसकी जगह आत्मगौरव की भावना जगायी थी। किन्तु भारत लौटकर उन्होंने अपने भ्रमणकाल में यहाँ की दरिद्रता को देखा था, यहाँ की रूढिग्रस्तता, अत्याचार, अनाचार सब देखा था, तब उन्होंने समाजसुधार का काम भी उठा लिया था। उन्होंने **पुराने धर्म को बदलकर एक नये धर्म का प्रवर्तन किया था वैसे ही जैसे बंकिम बाबू ने।** स्वामी जी ने कहा था कि, "हमारे पुरखों ने धर्म बताया था- माता को देवता मानो, पिता को देवता मानो, अतिथि को देवता मानो। **मैं अब धर्म बताता हूँ "दरिद्रदेवो भव", "मूढदेवो भव"- दरिद्र को देवता मानो, अज्ञानियों को देवता मानो।"** इस प्रकार उन्होंने युवकों से कहा- जाओ, बाढ़, अकाल, महामारी जैसी आपदाओं

के समय प्राणों की परवाह न करो सेवा-कार्य करो, गाँव-गाँव तक जाकर अशिक्षित को शिक्षित करो। कहने की आवश्यकता नहीं है, इस प्रकार के सेवा कार्यों से क्रान्तिकारियों की शक्ति में इजाफा ही हुआ है, इससे भी उन्हें जनता का प्यार मिला है। इन्हीं सेवाभावी युवकों से विकसित युवक क्रान्तिकारी दलों में गये और आपातकाल में सेवा कार्य भी करते रहे। स्वामी जी ने पश्चिम से शायद इसाई मिशनों को देखकर नये ढंग से संन्यासी पैदा किये। इन संन्यासियों को आदेश था कि वे बिना सेवा कार्य किये किसी से भिक्षाग्रहण न करें- वे गाँवों में पेड़ों के नीचे बैठ कर भी बच्चों को पढ़ावें। इससे भी महत्त्व की बात यह है कि स्वामी जी ने अपनी दूर-दर्शी आँखों से देख लिया था कि यदि उच्चस्थ वर्णों ने अपनों को दुरूस्त ना किया तो उन्हें भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। उन्होंने अपने ढंग से यहाँ तक कह डाला था कि **सतयुग में ब्राह्मणराज्य था, द्वापर में क्षत्रियराज्य, त्रेता में वैश्यराज्य, अब कलयुग में शूद्रों का राज्य आकर रहेगा।**''[५] अपने अद्‌भुत व्यक्तित्व और कृतित्व से स्वामी जी ने न केवल बंगाल से बल्कि सारे देश के जनमानस को प्रभावित किया, देश का निम्न-मध्यमवर्ग उनकी जय-जयकार कर उठा। इस प्रकार उन्होंने निम्न-मध्यमवर्ग के क्रान्तिकारी आन्दोलन की जमीन को इतना हमलावर कर दिया कि क्रान्तिकारी कतारें बिना देर किए उठ-उठ खड़ी होने लगीं।

स्वामी विवेकानन्द के प्रयासों से भारतीय निम्न-मध्यमवर्ग जो कि शूद्र वर्ण से आते हैं उनके बीच आत्म-चेतना एवम् आत्म-बोध ने राष्ट्रीय आन्दोलन में सहयोगात्मक भूमिका निभायी। स्वामी जी के विचारों से प्रभावित होकर भारतीय युवाओं ने अपने प्राणों की आहुति भारत को स्वतंत्र कराने में लगा दी। स्वामी जी के विचारों ने भारत में स्वराज्य की भावना जागृत की एवम् ब्रिटिशव्यवस्था के बहिष्कार के लिए प्रेरित किया। **उनके विचार ने भारतीयों में रूढ़िवादिता एवम् परंपरावादी सोच तथा कुरीतियों का अन्त कर समाज में आत्मसम्मान आत्मगौरव का संचार कर हिन्दू धर्म में सुधार एवम् ईसाईकरण के प्रभाव से बचाया।**

भगिनी निवेदिता (उनकी प्रधान शिष्या और उत्तराधिकारिणी) ने रामकृष्णमिशन से अलग होते हुए यही तो बताया था कि स्वामी जी ने यह सारा कार्य इसीलिए (क्रान्तिकारीआन्दोलन के लिए) ही तो किया था। कहा जाता है कि किसी ने उनके शिष्य के विषय में उनसे शिकायत की थी कि वह बम बनाता है। तब स्वामी जी का जवाब था- चुप रहो, उसे बम बनाने दो, मैं जो भी कर रहा हूँ, इसी उद्देश्य से कर रहा हूँ। इसी उद्देश्य से मैं अपनी यात्राओं के दौर में प्रिंस कोपाट्रिकन और आयरलैण्ड के क्रान्तिकारियों से मिलता रहा हूँ। स्वामी जी ने अपने इसी मन्तव्य को प्रसिद्ध क्रान्तिकारी खराराम देउसकर से प्रकट किया था। देउसकर ने बताया था कि स्वामी जी का यह मन्तव्य उनकी विदेशयात्रा के बाद १८९७ में उनके शब्दों में व्यक्त हुआ था।[६] 'आगामी ५० वर्षों के लिए हमारा केवल एक ही विचार केन्द्र होगा और वह है- हमारी महान् मातृभूमि भारत। दूसरे सब व्यर्थ के देवताओं को उस समय तक के लिए हमारे मन से लुप्त हो जाने दो......हम क्यों व्यर्थ इन देवताओं के पीछे दौड़ें और उस देवता की, उस विराट की पूजा क्यों ना करें जिसे हम अपने चारों ओर देख रहे हैं। (यानी भारत के जनगण)।''[७] स्वामी जी ने भारतभूमि को ही सभी देवताओं के सार के रूप में स्थापित कर भारतीय जनों के बीच अराध्य बना दिया, जिसके लिए भारतीय जनमानस अपने भारतभूमि देवता की भक्ति में अपना सर्वोच्च निछावर कर त्याग की पराकाष्ठा को विश्वपटल पर स्थापित किया। भारत-

भूमि को स्वतंत्र कराने के लिए सभी धर्मों, सम्प्रदायों एवम् विचारों के बीच एकीकरण की भावना से भारतीय किसी भी चुनौती एवम् परिस्थितियों से लड़ने को पूरी तरह से तैयार थे।

स्वामी विवेकानन्द के जीवन काल में ही सारे देश में और खास कर बंगाल में महाराष्ट्र और पंजाब में राष्ट्रवाद (अखिल भारतीय राष्ट्रीयता), अंग्रेजी राज्य के विरुद्ध विद्रोह (क्रान्ति) और गुप्त समितियों की स्थापना के लिये जमीन तैयार हो चुकी थी। यह एक नये आन्दोलन की शुरूआत थी इसी नई धारा को ही निम्न-मध्यम वर्ग की धारा कहा जाता है। इसकी प्रचण्ड शक्ति और इसकी कमजोरियाँ या कमियाँ इसके मध्यमवर्गी चरित्र में समायी हैं। भारतीय मध्यम वर्ग ने राष्ट्रीय आन्दोलन में बुद्धजीवीवर्ग के रूप में कांग्रेस को नेतृत्व प्रदान कर भारतीय राज्यों में स्वतंत्र सरकारे बनायीं, जो भारतीय के हितों के लिए अपना सर्वस्व निछावर करने को तैयार थे। इसी मध्यम वर्ग ने चुनौती एवम् उत्तरदायित्व की भावना से अंतरिम सरकार एवम् संविधाननिर्माण के कार्य को सफलतापूर्वक संपादित किया। भारतीय क्रान्तिकारी आन्दोलन के उत्पन्न होने की कतिपय परिस्थितियाँ इसी दौरान तत्कालीन स्थितियों में अखिल भारतीय स्तर पर कांग्रेस के गठन और अधिवेशन के साथ शुरू हुए, किन्तु इनके मुलायम पिल-पिले प्रस्ताव से जो नकारात्मक संदेश युवकों में जाने लगा, उससे भारतीय राजनीति में क्रान्तिकारी विचारों का आना अनिवार्य हो गया। भारत में क्रान्तिकारी भावना को जागरित करने में स्वामी विवेकानन्द का अप्रतिम योगदान था।

स्वामी जी के विचारों एवम् चिन्तन ने भारतीय जनमानस में स्वराज्यप्राप्ति के लिए लोगों को तन-मन-धन तथा सभी साधनों का योगदान देने के लिए प्रेरित किया। भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन के समय नेतृत्वकर्त्ताओं ने स्वामी जी के दृष्टिकोण से प्रभावित होकर अन्तिम सांस तक अंग्रेजों के विरुद्ध लड़ाई लड़ने के लिए प्रेरित किया, वहीं भारतीय जनताओं के बीच संयम, साहस, त्याग जैसी भावनाओं के विकास ने अन्तिम क्षण तक अंग्रेजों के विरुद्ध खड़े रहने के लिए प्रेरित किया। स्वामी जी के दर्शन एवम् चिन्तन से प्रेरणा स्वतंत्र भारत के प्रत्येक जन को मिल रहा है। भारत के **सर्वधर्मसमभाव**, **वसुधैव कुटुम्बकम्**, **अहिंसा परमो धर्मः**, **जियो और जीने दो** एवम् **पर्यावरण मित्र**, समावेशीविकास के लिए विश्व में भारत की ख्याति लगातार बढ़ रही है।

संदर्भ ग्रन्थ सूची

१. शिव कुमार मित्र, भारत की क्रान्तिकारी पार्टियाँ : समीक्षात्मक अध्ययन, प्रगति प्रकाशन, नई दिल्ली, २००७, पृ. ८।

२. वही, पृ. ९।

३. प्रतियोगिता दर्पण, फरवरी, २००८, पृ. १६१८।

४. वही, पृ. १६१९।

५. दैनिक जागरण, दैनिक समाचार पत्र, पटना, दिनांक ९ जुलाई, २००८, पृ. १३।

६. प्रभात खबर, पटना, पृ. ९।

7. The Colplete words of Swami Vivekanand Vol. Vl. P-468.l

श्रीमद्भगवद्गीताया औपनिषदत्त्वम्

डॉ. श्रीमती के.वि.आर.बि. वरलक्ष्मी

श्री वै.एन् कलाशाला, नरसापुरम्

पश्चिमगोदावरिजिल्ला, आन्ध्रप्रदेश्-५३४२७५

मो. ५२५२२५२६१५

श्रीमद्भगवद्गीता प्रस्थानत्रये अन्यतमा भवति। श्रीमन्महाभारते मध्ये मणिरिव भाति। सा गीता उपनिषदां सारभूतत्वात् ब्रह्मविद्येति च नाम्ना सुप्रसिद्धा। अष्टादशपर्वसमन्वितश्रीमन्महा-भारतान्तर्गतभीष्मपर्वस्थिता श्रीमद्भगवद्गीता अष्टादशाध्यायसमन्विता भाति। अस्यां गीतायां सप्तशतश्लोकाः (७००) सन्ति। अस्यां गीतायां प्रत्यध्यायं योग इति नाम्ना आहूयते।

गीताशब्दनिष्पत्तिः-

गै[१] धातोः कर्मणि क्तप्रत्यये[२] गीता इति शब्दः स्त्रीलिङ्गे सिध्यति। अस्य शब्दस्य अर्थं विवृण्वता शब्दकल्पद्रुमेण गीयते स्म आत्मविद्योपदेशात्मिका ब्रह्मतत्त्वोपदेशमयी कथा यत्र इति[३] उक्तम्। ततः मोनिमियर्विलियंमहाभागेन गेयं पवित्रगेयं अथवा पवित्रग्रन्थः आदर्शमुनिकथितः छन्दोबद्धमतसिद्धान्तः वा गीताशब्दवाच्या भवति[४] इति उक्तम्। गुरुशिष्यकल्पनया आत्मविद्योपदेशात्मिके कथाविशेषे गीताशब्दः सुप्रसिद्ध इति वाचस्पत्यम्।[५] गीता इति आकारन्तस्त्रीलिङ्गः प्राचुर्येण बहुवचनान्तश्च चिरात् दृश्यते।

''**सर्वोपनिषदो गावः दोग्धा गोपालनन्दनः**''[६] इतिप्रत्यध्यायान्ते ''श्रीमद्भगवद्गीता-सूपनिषत्सुब्रह्मविद्यायां'' इत्यादिवचनैः गीतायाः उपनिषत्त्वं ज्ञायते। श्रीमद्भवद्गीयातां कतिचनस्थलेषु उपनिषन्मन्त्राः श्लोकरूपेण दृश्यन्ते। अनेन भगवद्गीताया उपनिषत्सारसमन्वितत्त्वं ज्ञायते।

यथा उपनिषत्सु शिष्यः सन्देहनिवृच्यर्थं गुरुं अन्विष्य प्रणम्य पृच्छति तथैव जगद्गुरुश्रीकृष्णं गुरुं अभिज्ञाय ''तेशिष्य इति अर्जुनः कर्तव्योपदेशं अभ्यर्थयत्।

प्रथमतो विषयोऽयं विविधोपनिषत्सु एवं दृश्यते। तद्विज्ञानार्थं स गुरुमेवाभिगच्छेत्समित्पाणिः श्रोत्रियं ब्रह्मनिष्ठम्। ''**तस्मै स विद्वानुपसन्नाय सम्यक्प्रशान्तचित्तया शमान्विताय। येनाक्षरं पुरुषं वेद सत्यं प्रोवाच तां तत्त्वतो ब्रह्मविद्याम्।**''[७]

''**शौनको ह वै महाभागोङ्गिरसं विधिवदुपसन्नः प्रपच्छ**[८]

भृगुर्वै वारुणिः। वरुणं पितरमुपससार।[९]

अधीहि भगव इति होपससाद सनत्कुमारं नारदः''[१०]

इत्यादिषु तत्त्वोपदेशार्थं शिष्यः गुरुं अभ्यर्थयतीति सूच्यते। एवमेव कुरुक्षेत्रसङ्ग्रामे बन्धून् दृष्ट्वा

शोकमोहाभिभूतो, व्याकुलचित्तोऽर्जुनः जगद्गुरुं शरणमवाप।

''कार्पण्यदोषोपहतस्वभावः, पृच्छामि त्वां धर्मसम्मूढचेताः।
यच्छ्रेयस्यान्निश्चितं ब्रूहि तन्मे, शिष्यस्तेहं शाधि मां त्वां प्रपन्नम्।।''[११] इति।

अपि च तैत्तरीयोपनिषदि सत्यं वद। धर्मं चर। स्वाध्यायान्मा प्रमदः। एष आदेशः। एष उपदेशः। एषा वेदोपनिषत्। एतदनुशासनम्।[१२] इति विषयोऽयं गीतायां भङ्ग्यन्तरेण प्रतिपादितः।

''यः शास्त्रविधिमुत्सृज्य वर्तते कामकारतः।
न स सिद्धिमवाप्नोति स सुखं न परां गतिम्।[१३]
''ये त्वेतदभ्यसूयन्तो नानुतिष्ठन्ति मे मतम्।
सर्वज्ञानविमूढांस्तान्विद्धि नष्टानचेतसः।।[१४]

यः शास्त्रमतिक्रम्य कर्मण्याचरति सः सिद्धिं सुखं च न प्राप्नोति। सः नष्टचेतास्सन् सर्वज्ञानविहीनः भवतीति उक्तम्।

कठोपनिषदि विद्यमानः न जायते मियते वा विपश्चिन्नायं कुतश्चिन्न बभूव कश्चित्।।

"अजोनित्यं शाश्वतोऽयं पुराणो न हन्यते हन्यमाने शरीरे।।[१५] इतिमन्त्रः भगवद्गीतायां–

''न जायते म्रियते वा कदाचिन्नायं भूत्वा भविता वा न भूयः।
अजो नित्यश्शाश्वतोऽयं पुराणो न हन्यते हन्यमाने शरीरे''।।[१६] इति।

अनेन श्लोकेन आत्मा जननमरणरहितः, शाश्वतः, स्थिररचेति ज्ञायते। तथैव–

''हन्ता चेन्मन्यते हन्तुं हतश्चेन्मन्यते हतम्।
उभौ तौ न विजानीतो नायं हन्ति न हन्यते।।[१७]
इति कठोपनिषन्मन्त्रः गीतायां
''य एनं वेत्ति हन्तारं यश्चैनं मन्यते हतम्।
उभौ तौ न विजानीतो नायं हन्ति न हन्यते।।''[१८]

इति श्लोकरूपेण दृश्यते। अनेन आत्मा कर्तृत्वरहितो, निर्विकारो सनातश्नश्चेति ज्ञायते। अपि च।

''इन्द्रियेभ्यः परा ह्यर्था अर्थेभ्यश्च परं मनः।
मनसस्तु परा बुद्धि र्बुद्धेरात्मा महान्परः।।''[१९]
इति कठोपनिषन्मन्त्रः श्रीमद्भगवद्गीतायां
''इन्द्रियाणि पराण्याहुरिन्द्रियेभ्यः परं मनः।
मनसस्तु परा बुद्धिर्यो बुद्धेः परतस्तु सः।।''

इति श्लोकेऽपि मनस इन्द्रियश्रेष्ठत्वं प्रतिपादितम्।[२०]

''न तत्र सूर्यो भाति न चन्द्रतारकं नेमा विद्युतो भान्ति कुतोऽयमग्निः''[२१]

इतिमन्त्रः गीतायां

''न तद्भासयते सूर्यो न शशाङ्को न पावकः।

यद् गत्वा न निवर्तन्ते तद्धाम परमं मम।।[२२]

इति श्लोकः तत्परमं पदं सूर्यचन्द्रादिभिः न प्रकाशयते। तत् स्थानं प्राप्य न पुनरावर्तत इति उपनिषन्मन्त्रसमानार्थकत्वेन भाति। **''श्रवणायापि बहुभि र्यो न लभ्यः, शृण्वन्तोपि बहवो यं न विद्युः। आश्चर्यो वक्ता कुशलोस्य लब्धा, आश्चर्यो ज्ञाता कुशलानुशिष्टः।।''**[२३] इत्युपनिषन्मन्त्रतुल्यार्थकत्वेन गीतायाम्।

''आश्चर्यवत्पश्यति कश्चिदेनमाश्चर्यवद्वदति तथैव चान्यः।

आश्चर्यवच्चैव मन्यः शृणोति, श्रुत्वाप्येनं वेद न चैव कश्चित्।।''[२४]

एकः आत्मस्वरूपं साश्चर्यं पश्यति। अन्यः आश्चर्ययुक्तो तत्स्वरूपं वदति। तदन्य आश्चर्येण शृणोति तथापि कोपि तत्स्वरूपं न जानातीति प्रतिपादितम्।

प्रणवोपासनविधिः, मुण्डकः, प्रश्न, कठ, तैत्तिरीय, छन्दोग्योपनिषत्सु दृश्यते।

''एतेद्ध्येवाक्षरं ब्रह्म। एतद्ध्येवाक्षरं परम्।

एतद्ध्येवाक्षरं ज्ञात्वा यो यदिच्छति तस्य तत्।।''[२५]

एतदालम्बनश्रेष्ठमेतदालम्बनं परम्। एतदालम्बनं ज्ञात्वा ब्रह्मलोके महीयते इति कठोपनिषन्मन्त्रः। तथैव गीतायां–

''ओमित्येकाक्षरं ब्रह्म व्याहरन्मामनुस्मरन्।

यः प्रयाति त्यजन् देहं स याति परमां गतिम्।।[२६]

इति श्लोकेन प्रणवमन्त्रविधिः मोक्षप्राप्तिकारीति कथितम्। **'नाकस्य पृष्ठे ते सुकृतेऽनु-भूत्वेमं लोकं हीनतरं वाविशन्ति'**[२७] इत्यादिवाक्यैः क्षीणपुण्योलोकान्तरं प्राप्नोतीति ज्ञायते। एवमेव गीतायां **ते तं भुक्त्वा स्वर्गलोकं विशालं क्षीणेपुण्ये मर्त्यलोकं विशन्ति।''**[२८] इति श्लोके पुण्यक्षयेण मर्त्यलोके पुनर्भवतीति कथितम्। एवमेव ''ज्ञानाग्निदग्धकर्माणं ज्ञानाग्नि सर्वकर्माणि भस्मसात्कुरुते तथा'' इत्यादिगीतावाक्येषु–उपनिषद्वाक्यानुसारं ज्ञानौन्नत्यं प्रतिपादितम्।

एवं रीत्या विविधोपनिषत्सु प्रतिपादिताः कर्मभक्तिज्ञानादिविषयाः श्रीमद्भगवद्गीतायां भङ्ग्यन्तरेण प्रतिपादिताः। अत एव श्रीमद्भगवद्गीता उपनिषत्सारसमन्विता भाति।

संदर्भ सूची

१. गैशब्देइतिधातुः।

२. तद्धातो कर्मणि क्त प्रत्ययः कर्मणि क्त इति पाणिनिसूत्रम्।

३. इति निघण्टुग्रन्थे।

५. वाचस्पत्यम्, भाग–४, पृ.–२५९३।

६. गीताप्राशस्त्यम्, श्लोक, ५, पृ. २१।

७. मुण्डकोपनिषत्, प्रथममुण्डके, खण्ड–२, मन्त्र–१२, १३, पृ. १७।

८. मुण्डकोपनिषत्, प्रथममुण्डके, खण्ड, मन्त्र-३, पृ. १६।
९. तैतरीयपनिषत्, भृगुवल्ली, अनुवाक-१, पृ. २८।
१०. छान्दोग्योपनिषत्, अध्याय, ७, खण्ड-१, पृ. ७१।
११. श्रीमद्भगवद्गीता, अ.-२, श्लोक-७।
१२. तैत्तरीयोपनिषत्, शिक्षाध्यायः, अनुवाकः-११।
१३. श्रीमद्भगवद्गीता-अ. १६, श्लोक-२२।
१४. श्रीमद्भगवद्गीता-अ. ३, श्लोक-२८।
१५. कठोपनिषत्, अ. १, वल्ली-२, मन्त्र-१९, पृ. ७।
१६. श्रीमद्भगवद्गीता-अ. २, श्लोक-२८।
१७. कठोपनिषत्-अ. १, वल्ली-२, मन्त्र-१९, पृ. ७।
१८. श्रीमद्भगवद्गीता-अ. २, श्लोक-१९।
१९. कठोपनिषत्-अ-१, वल्ली-३, मन्त्र-७, पृ. ७।
२०. श्रीमद्भगवद्गीता-अ. ३, श्लोक-४२।
२१. कठोपनिषत्-अ-२, वल्ली-३, मन्त्र-१५, पृ. ९।
२२. श्रीमद्भगवद्गीता-अ. १५, श्लोक-६।
२३. कठोपनिषत्-अ. १, वल्ली-२, मन्त्र-७, पृ.-६।
२४. श्रीमद्भगवद्गीता, अ. २, श्लोक-२९।
२५. क.उ.-अ-१, वल्ली-२, मन्त्र-१६, पृ. ८६।
२६. श्रीमद्भगवद्गीता, अ.-४, श्लोक-१६।
२७. मुण्डकोपनिषत्- प्रथममुण्डके-खण्ड-२, मन्त्र-१०, पृ. १७।
२८. श्रीमद्भगवद्गीता-अ. ९, श्लोक-२९।

श्रीकृष्णपरब्रह्मणे नमः

।।भगवद्गीतोपदेशः।।

बि. गोपालाचार
निर्देशकः, श्रीवादिराजसंशोधनप्रतिष्ठानम्
गीतामन्दिरम्, उडुपि, कर्नाटक ५७६ १०१
Email bgopalacharya@gmail.com, Mo.- 09481849538

सर्वोपनिषदो गावः दोग्धा गोपालनन्दनः।
पार्थो वत्सः सुधीर्भोक्ता दुग्धं गीतामृतं महत्।।

सुविदितमेव इदं अध्यात्मरसपीयूषजुषां समेषां मानुषाणां यत् परःशतैः वर्षैः परःशतैः भारतीयैः पाश्चात्यैश्च मुक्तकण्ठेन परिगीता कृतिरेकास्ति चेत् भूतले सा भगवद्गीतैव इति। या च जगतीतलविख्यातासु सर्वास्वपि भाषास्वपि भाषास्वनूदितासु कृतिरन्यतमा, यां च श्रुतिशतपरिगीतः शुद्धभावैर्गृहीतः देवकीपोतः पृथासुतायोपदिदेश कुरुक्षेत्रसमराङ्गणे। यया च मानवजना अद्यापि स्फूर्तिं मार्गदर्शनं च प्रतिपदं लभन्ते। महाभारतपारिजातमधुभूतेयं गीता साक्षात् भगवतः मुखपद्माद् विनिःसृता। तथा च उक्तम्- ''**गीता सुगीता कर्तव्या किमन्यैः शास्त्रविस्तरैः। या स्वयं पद्मनाभस्य मुखपद्माद् विनिःसृता**''।। इति।

गीतेति द्व्यक्षरश्रवणमात्रेण समेषां चित्तभित्तौ इदम्प्राथम्येन भगवद्गीतैव स्फुरति, नान्या सतीष्वन्यासु बह्वीषु गीतासु इत्येतदेव आवेदयति अस्याः महिमानम्। गान्धी-तिलक-राधाकृष्णन् प्रभृतयः राजकीयनेतारोपि स्वातन्त्र्यसङ्ग्रामे अनयैव स्फूर्तिं प्रेरणां च लब्ध्वा भारतमातुः दास्यविमोचनं व्यदधुः। तस्मात् नैतादृशी धार्मिककृतिः अन्या अस्ति जगति इत्युक्ते नातिशयोक्तिः भवेत्। तदेतादृशायां गीतायां विद्यमानानि नैकानि वचनानि सूक्तिरूपेण, ध्येयवाक्यरूपेण वा अधुना आधुनिकैरपि उपयुज्यन्ते। ''योगक्षेमं वहाम्यहम्'' ''न हि ज्ञानेन सदृशं पवित्रमिह विद्यते'' ''योगः कर्मसु कौशलम्'' ''भक्त्या त्वनन्यया शक्यः'' ''तत्कुरुष्व मदर्पणम्'' ''सम्भवामि युगे युगे'' इत्यादीनि वचनानि तत्र तत्र उपयुज्यमानानि दृश्यन्ते। एतादृशानि मौल्ययुतानि वचनानि बहूनि सन्ति गीतायाम्। तथा हि-

१. कर्मण्येवाधिकारस्ते....

गीतायां तृतीयोऽध्यायः अतीव प्रथितः, यस्मिन् कर्मयोगस्य महिमा महीधरेण श्रीकृष्णेन सम्यक् प्रत्यपादि। अत एव अयं अध्यायः ''कर्मयोग'' इत्येव प्रथितः अस्ति। न केवलं तस्मिन्नेव अध्याये किन्तु ''बुद्धिर्योगे त्विमां श्रृणु'' इत्यारभ्य आपञ्चमाध्यायान्तं कर्मयोगः सूपपादितः। तत्र '**कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन। मा कर्मफलहेतुर्भूः मा ते सङ्गोस्त्वकर्मणि**' इति श्लोके अपि कर्मयोगस्य महिमा सम्यगुपापादि। तथा च अयं निर्गलितार्थः। फलदाने ईश्वरस्यैव समर्थत्वात्, भगवान् कर्ता इति पवित्रानुसन्धानेन

फलापेक्षां विहाय भगवद्भक्त्या ''नाहं कर्ता हरिः कर्ता'' इति पवित्रानुसन्धानेन सर्वैः स्वस्ववर्णाश्रमोचितं कर्म कार्यम् इति। अत्र फलकामना न कार्या इत्युक्ते या कापि फलकामना न कार्या इति नार्थः। ''अनिषिद्धकामितैवातो ह्यकामित्वमितीर्यते'' इति गीतातात्पर्ये श्रीमध्वाचार्यैः प्रतिपादितम्। अनिषिद्धकामित्वस्यैव कामनात्यागशब्देन विवक्षितत्वात्। तस्मात् भगवद्भक्ति-ज्ञान-प्रसादानां कामनासत्वेपि न काचित् क्षतिः। साधकपुरुषः स्वीयसर्वास्वपि क्रियासु ''कर्मण्यकर्म यः पश्येत्'' इत्युक्तरीत्या भगवदधीनतां चिन्तयति। सर्वाणि कर्माणि अन्ते भगवते समर्पयति।

आदर्श कर्मयोगी हनुमान्-

अस्य कर्मयोगिलक्षणस्य निदर्शनभूतः महाभागवतप्रवर्यः कपिप्रवर्यः श्रीमान् धीमान् हनुमानेव। हनुमता यद्यत्कृतम् तत्सर्वं श्रीरामार्थमेव कृतम्। हनुमान् समुद्रोल्लङ्घनं कृत्वा लङ्कां गत्वा सीतां च दृष्ट्वा पुनरागत्य श्रीरामाय सीतासन्देशं निवेदयामास। तेन श्रीरामोपि महान् सन्तुष्टः अभवत्। तस्मिन्नेव अवसरे हनुमता यद्यदपेक्षते तत्सर्वं दातुं रामः सिद्धः समर्थश्च आसीत्। तथापि हनुमान् किमपि नापेक्षितवान् इत्येतत् आश्चर्यं जनयति। निःस्पृहेण हनुमता किमपि नापेक्षितम्। भगवद्भक्ति-भगवदनुग्रहौ विना कर्मयोगिना हनुमता किञ्चिदपि नापैक्षि। ''**प्रवर्धतां भक्तिरलं क्षणे क्षणे त्वयीश मे ह्रासविवर्जिता सदा। अनुग्रहस्ते मयि चैवमेव निरूपधौ तौ मम सर्वकामः**'' इत्येवं हनुमान् प्रार्थयामास। एवञ्च, आदर्शकर्मयोगी धीमान् हनुमानेव ''कर्मण्येवाधिकारस्ते'' इत्युक्तप्रेमयस्य निदर्शनभूत इति निर्विवादम्।

तथा च अयं श्लोकः कार्मिकहितासक्तेः विरोधि इति केचन अधुनातनाः विमर्शकाः आक्षिपन्ति। परन्तु नेदं युक्तिसहम्। कर्मानुष्ठानसमये यदि फल एव अस्माकं गमनं भवेत् तर्हि कर्मानुष्ठानं समीचीनतया न भवेत् इत्यभिप्रायपरत्वं अस्य श्लोकस्य। श्लोकोयं अस्मान् शिक्षयति। लोके वयं सर्वेऽपि यद्यत् सत्कर्म कुर्मः तस्य सर्वस्याऽपि प्रसिद्धिं प्रतिफलं चापेक्षामहे। नैतद्युक्तम्। अस्माभिरपि योगीव विनैव प्रसिध्यपेक्षां प्रतिफलापेक्षां च निरहङ्कारेण निर्मलचित्तेन भगवद्भक्त्या श्रद्धया ईश्वराराधनरूपेण च कर्म कार्यम्। एतादृशमेव कर्म बन्धकं न भवति इत्याशयेन श्रीकृष्णः 'कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु'' इति आदिदेश।

अखिलानां शास्त्राणां सारभूता अस्ति इयं ''भगवद्गीता''। तदस्याः अर्थपूर्वकेण अध्ययनेन भगवद्भक्तिः दृढा निश्चला च भवति। अस्माकं जीवनं सफलं तया च भक्त्या प्रीणाति प्रभुः श्रीकृष्णः। तस्मात् सर्वैः सर्वप्रत्नेन गीताया अध्ययनं अवश्यं कार्यम्। एतावत्पर्यन्तं गीतागतानि कानिचित् वाक्यानि अधिकृत्य अल्पीयान् विमर्शः मया कृतः। तदत्र विद्यमानदोषसमूहः मदीयइति सविनयं निवेदयामि।

प्रीतोऽस्तु कृष्णप्रभुः

योगवाशिष्ठ में पुरुषार्थवाद

डॉ. दीप्ति वाजपेयी
एसोसिएट प्रोफेसर (संस्कृत)
कु. मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बादलपुर, (गौ.बु. नगर)

शोध सारांश

योगवाशिष्ठ अद्वैतसिद्धान्त का प्रतिपादक ग्रन्थ है। इसके अनुसार एकमात्र ब्रह्म ही सत्य है किन्तु इसका यह तात्पर्य नहीं है कि जगत् को असत्य मानकर कर्म का परित्याग कर दिया जाय। कर्म करते रहना मनुष्य के लिए स्वाभाविक व अनिवार्य है। जब तक शरीर है उसकी स्वाभाविक अवस्थायें भी रहेगी। जो मानव शरीर की अवस्था के अनुसार कर्म नहीं करता वह मानों तलवार से आकाश को काटने का कार्य करता है। कर्म बन्धन का कारण नहीं है। बन्धन तो मन की वासना का है। मानव जीवन के संग कर्म अपरिहार्य है किन्तु कर्म फलेच्छा से रहित होने चाहिए। मुक्ति का अर्थ कर्म से विरक्ति नहीं वरन फल में विरक्ति है।

योगवासिष्ठ संस्कृतभाषा, दर्शनशास्त्र व अध्यात्म-विद्या का अत्यधिक प्रभावशाली तथा उच्चकोटि का वृहद-ग्रन्थ है। जो योगवासिष्ठ महारामायण, आर्ष रामायण, वसिष्ठ-रामायण, ज्ञानवासिष्ठ इत्यादि नामों से भी सुविख्यात है।

जिस प्रकार भगवद् भक्तौ द्वारा श्रीमद्भागवत व श्रीरामचरित मानस कर्मयोगियों द्वारा श्रीमद्भगवद्गीता सम्मानीय है, उसी प्रकार ज्ञानमार्गियों द्वारा योगवासिष्ठ समादरणीय है।

आध्यात्मिक क्षेत्र में श्रीराम व श्रीकृष्ण भारतीय दार्शनिकता से सुपरिचित होने के लिये दो नेत्रों के समान हैं। जिनमें श्रीराम एक आदर्शदर्पणवत हैं जिसके अन्दर हम क्या हैं? और हमें क्या होना चाहिए? यह सुस्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। एक सामान्य राजपुत्र को मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम बनाने में उनके पूज्य गुरुदेव श्री वसिष्ठ जी का ही महत्तम योगदान है। जिनकी शिक्षाओं ने संसार से अत्यन्त उदासीन बालक राम को संसार में मुक्तावस्था का आनन्द अनुभव करते हुये स्वकर्तव्य के समुचित निष्पादन करने की प्रेरणा दी। इसी कारण उनका जीवन भारतीय जनमानस के लिये स्तुत्य एवं अनुकरणीय बन सका।

वेदान्तीय विचारधारा का श्रीगणेश करने वाले योगवासिष्ठ के अनेक यथारूप अथवा समभाव से विभिन्न दर्शन ग्रन्थों में सुशोभित हैं। कालान्तर में इसकी उपादेयता के कारण इस ग्रन्थ के अनुवाद अनेक भारतीय व विदेशी भाषाओं में भी किये गये।

इस ग्रन्थ में तर्क वितर्कों से युक्त, नीरस, शुष्क, सूत्रमयी भाषा का सर्वथा अभाव है। इसकी

शैली सरस, सुबोध, काव्यमयी तथा सुस्पष्ट दृष्टान्तों एवं उपाख्यानों से परिपूर्ण है जो तीर की भाँति मन-बुद्धि में शीघ्रता से प्रवेश कर स्थायी स्थान प्राप्त कर लेती है-

शास्त्रं सुबोधमेवेदं सालङ्कारविभूषितम्।
काव्यं रसमयं चारु दृष्टान्तैः प्रतिपादितम्।।[१]

अर्थात् योगवासिष्ठकार स्वयं मानते हैं कि यह शास्त्र सुबोध है, अलंकारों से विभूषित है, रसमय सुन्दर काव्य है और इसके सिद्धान्त दृष्टान्तों द्वारा प्रतिपादित हैं। अतः उपाख्यानों के कारण सर्वसाधारण मनुष्य भी इसमें आनन्द का अनुभव कर सकते हैं क्योंकि संसार ने जितनी कथायें और आख्यान हैं और जो-जो उचित और गहन विषय हैं वह समस्त दृष्टान्त रीति से कहने से ऐसे प्रकाशित होते हैं जैसे- संसार सूर्य की किरणों द्वारा दीप्तिमान होता है-

आख्यानकानि भुवि यानि कथाश्च या या
यद्यत्प्रमेयमुचितं परिपेलवं वा।
दृष्टान्तदृष्टिकथनेन तदेति साधो
प्राकाश्यमाशु भुवनं सितरश्मिनेव।।[२]

इस ग्रन्थ में किसी दूसरे मत अथवा सम्प्रदाय के सिद्धान्तों का न खण्डन है और नहीं किसी के ऊपर आक्षेप। क्योंकि योगवासिष्ठकार की दृष्टि इतनी उदार और विस्तृत है कि वह सब मतों में ही सत्य को वर्तमान पाता है।

योगवासिष्ठ अद्वैत सिद्धान्त का प्रतिपादक ग्रन्थ हैं इसके अनुसार उस परम तत्व को ब्रह्म कहते हैं। जिससे जगत् के समस्त पदार्थों की उत्पत्ति होती है, जिससे सब पदार्थ वर्तमान रहते हैं तथा जिसमें सब लीन हो जाते हैं जो सर्वव्याप्त, सर्वकालिक व सर्वत्र विद्यमान है-

सर्वशक्तिपरब्रह्म सर्ववस्तुमयं ततम्।
सर्वदा सर्वथा सर्वे सर्वै सर्वत्र सर्वत्रम्।।[३]

इसी को सांख्य मतावलम्बी 'पुरुष, वेदान्ती' 'ब्रह्म' विज्ञानवादी बौद्ध विज्ञप्तिमात्र कहते हैं। वह शून्यवादियों का शून्य, सूर्य उपासकों का प्रकाश, योग दार्शनिकों का ईश्वर, शैवों का शिव, कालवादियों का काल, आत्मवादियों की आत्मा तथा समदृष्टि वालों का सर्व है। एकमात्र उसी परमतत्व की सत्ता है। अन्य सब दृष्टिगत होने वाला जगत् प्रपंच उसी का प्रोच्छलन है।

ग्रन्थ के प्रारम्भ में श्रीराम संसार की असारता, अनित्यता व दुःखमयता का विस्तार से वर्णन करते हुए जगत् के प्रति उदासीनता, अकर्मण्यता व विरक्ति भाव से प्रेरित होकर कहते हैं कि हे मुने। मैं आरे के दांतों से चीरा जाना सहन कर सकता हूँ, परन्तु संसार के व्यवहार से उत्पन्न आशा व विषयों द्वारा प्राप्त दुःख को मैं नहीं सह सकता-

क्रचाग्रविनिष्पेषं सोढुं शक्रोम्यहं मुने।
संसारव्यवहारोत्थं नाशविषयवैशसम्।।[४]

अन्ततः श्रीराम कहते हैं कि न मैं इस संसार का हूँ न यह संसार मेरा है तथा न मैं अन्य का

हूँ न ही अन्य कोई मेरा है मैं तेल रहित दीपक के समान शान्त हो जाऊँगा। यह समस्त त्याग करके मैं इस शरीर को भी त्याग दूँगा।

नाहमस्य न मे नान्यः शाम्याम्यस्नेहदीपवत्।
सर्वमेव परित्यज्य त्यजामीदं कलेवरम्।।[५]

श्रीराम की इस विरक्ति को देखकर गुरु वसिष्ठ उन्हें प्रवृत्ति मार्ग व पुरुषार्थ की ओर प्रेरित करते हुए कहते हैं कि निवृत्ति का तात्पर्य कर्म से विरक्ति नहीं वरन् कर्म में विरक्ति है यही इस महनीय ग्रन्थ की मूल संवेदना है। उनके अनुसार जो आदि और अन्त में नित्य हैं, वही सत्य है जो आदि और अन्त में विद्यमान नहीं है उसे वर्तमान में भी सत्य नहीं कहा जा सकता–

आदावन्ते च यन्नित्यं तत्सत्यं नाम नेतरत्।
आदावन्ते च यन्नास्ति वर्तमानेपि तत्तथा।
आदावन्ते च यन्नास्ति कीदृशी तस्य सत्यता।।[६]

अर्थात् जो भूत वर्तमान व भविष्य कालत्रय में वर्तमान है वही सत्य है चूँकि जगत व जगत के समस्त पदार्थ आदि और सान्त है। अतः इस दृष्टि से यह समस्त सृष्टि असत्य है किन्तु सैद्धान्तिक दृष्टि से जगत का मिथ्यात्व होते हुये भी व्यावहारिक रूप से सृष्टि की मूल्यवानता हैं। अद्वैत सिद्धान्त का यह तात्पर्य कदापि नहीं है कि मानव संसार व कर्म को मिथ्या कहकर अकर्मण्य हो जाये। सृष्टि कर्ता द्वारा मानव को कर्मेन्द्रियाँ व ज्ञानेन्द्रियाँ समुचित कर्म के लिये प्रदान की गयी है अतः उन्हें निष्क्रिय रखना व उनका परार्थ हेतु उपयोग न करना प्राकृतिक दृष्टि से ही अस्वाभाविक कृत्य नहीं वरन् सामाजिक दृष्टि से भी अपराध है।

गुरु वसिष्ठ के अनुसार वे ज्ञानी नहीं मूर्ख हैं जो जब तक शरीर है तब तक समुचित होकर देह की अवस्थाओं के अनुसार कर्मेन्द्रियों से व्यवहार नहीं करते–

यावद्देहमवस्थासु समचित्ततयैव ये।
कर्मेन्द्रियैर्न तिष्ठन्ति न ते तत्वविदः शठाः।।
यावत्तिलं यथा तैलं यावदेहं तथा दशा।
या न देहदशामेति स च्छिनत्त्यसिनाम्बरम्।।[७]

अर्थात् जब तक तिल है तब तक तेल है तथावत् जब तक शरीर है तब तक इसकी स्वाभाविक दशायें भी रहेगी अतः जो अज्ञानी जन तत्व को नहीं जानते वे ही स्वाभावित अवस्थाओं से दूर भागते हैं चित्त की शान्ति और समता तो योग से प्राप्त होती है, कर्मेन्द्रियों को स्थापित कर देने मात्र से नहीं–

एष देहदशादुःखपरित्यागो ह्यनुत्तमः।
मत्साम्यं चेतसो योगान्न तु कर्मेन्द्रियस्थितेः।।
यावद्देहं यथाचारं दशास्वङ्ग विजानता।
कर्मेन्द्रियैर्हि स्थातव्यं न तु बुद्धीन्द्रियैः क्वचित्।।[८]

अर्थात् जब तक शरीर है तब तक ज्ञान पूर्वक सदाचार से कर्मेन्द्रियों द्वारा देह की आवश्यकतायें पूर्ण करनी चाहिये मन द्वारा नहीं। जब तक शरीर है तब तक कर्मरत रहने में ही सुख मिलता है। स्वाभाविक कर्मों का पालन करने से किसी को कोई दोष नहीं लगता–

कर्मप्रवत्तमासृष्टेः सुखं साध्यं मनोरमम्।
प्रकृतं कुर्वतः कार्यं दोषः क इव जायते।।[९]

वस्तुतः कर्म बन्धन का कारण नहीं है। बन्धन तो मन की वासना का है। जो मन से मुक्त है वही मुक्त है चाहे वह कर्मेन्द्रियों के व्यवहार में बँधा हुआ ही हो, लेकिन जो मन से बद्ध है वह बद्ध ही है भले ही वह कर्म से रहित हो–

मुक्तबुद्धीन्द्रियो मुक्तो बद्धकर्मेन्द्रियोऽपि हि।
सुखदुःखदशो लोके बन्धमोक्षाद्वशस्तथा।
हेतुर्बुद्धीन्द्रियाण्येव तेजांसीव प्रकाशने।।[१०]

अर्थात् संसार में सुख–दुःख का अनुभव दिलाने वाली तथा बन्धन और मोक्ष की ओर ले जाने वाली वासना है कर्म नहीं। योगवासिष्ठकार ने स्वाभाविक कर्मों को दोष रहित ही नहीं बताया वरन पुरुषार्थ को सर्व उन्नति व सफलता का मूल मन्त्र भी कहा है। उनके अनुसार इस संसार में समस्त दुःखों का क्षय करने के लिये पुरुषार्थ के अतिरिक्त अन्य मार्ग नहीं है। इस संसार रूपी कोश में ऐसा कोई रत्न नहीं है जो शुद्ध पुरुषार्थ के द्वारा प्राप्त न हो सकें–

अत्रैकं पौरुषं यत्नं वर्जयित्वेतरा गतिः।
सर्वदुःखक्षयप्राप्तौ न काचिदुपपद्यते।।[११]
न तदस्ति जगत्कोशे शुभकर्मानुपाति तद्।
यत्पौरूषेण शुद्धेन न समासाद्यते जनैः।।[१२]

इस संसार में निष्क्रिय रहने से कुछ प्राप्त नहीं होता जो जैसा यत्न करता है वैसा ही फल प्राप्त करता है। जो मानव उद्योग को त्यागकर भाग्य पर आश्रित रहते हैं वे स्वशत्रु स्वयं ही धर्म, अर्थ व काम सबको नष्ट कर देते हैं–

ये समुद्योगमुत्सृज्य स्थिता दैवपरायणाः।
ते धर्ममर्थं कामं च नाशयन्त्यात्मविद्विषः।।[१३]
इति प्रत्यक्षतो दृष्टमनुभूतं श्रुतं कृतम्।
दैवात्तमिति मन्यन्ते ये हतास्ते कुबुद्धयः।।[१४]

अर्थात् जो कुबुद्धि मानव यह मानते हैं कि सर्वभाग्याधीन है वे नाश को प्राप्त होते हैं। वसिष्ठ जी कहते हैं कि जो शूर है, उन्नति करने वाले हैं, ज्ञानी हैं, पण्डित हैं, हे राम। उनमें से कौन इस संसार में भाग्य की प्रतीक्षा करता है। वस्तुतः भाग्य (दैव) नाम की कोई वस्तु है ही हीं–

दैवं नाम न किञ्चन।
दैवमसत्सदा।।[१५]

भाग्य की कल्पना अल्पबुद्धि मानवों को दु:ख के समय आश्वासन देने के लिये हैं। आश्वासन वाक्य के अतिरिक्त दैव (भाग्य) परमार्थ रूप से कोई वस्तु नहीं है। भाग्य या दैव शब्द का समय अर्थ पूर्वकृत पुरुषार्थ ही हैं। देशकाल के अनुसार चिरकाल अथवा शीघ्र किये हुये पुरुषार्थ की फल प्राप्ति का नाम भाग्य है–

पुरुषार्थात्फलप्राप्तिर्देशकालवशादिह।
प्राप्ताचिरेण शीघ्रं वा यासौ दैवमिति स्मृता।।[१६]

वर्तमान काल का पुरुषार्थ, पूर्वकृत पुरुषार्थ (भाग्य) पर विजय प्राप्त कर सकता है। जिस प्रकार कल का अशुभ कर्म आज के शुभ प्रयत्न से सुधर जाता है उसी प्रकार अद्यावधि पुरुषार्थ, पूर्वकालीन पुरुषार्थ के फल को शुभ बना सकता है–

ह्यस्तनी दुष्क्रियाभ्येति शोभां सत्क्रियया यथा।
अद्यैव प्राक्तनी तस्माद्यत्नात्सत्कार्यवान्भव।।[१७]

अत: मानव को शुभकर्मशील होना चाहिये। जिससे उसके अशुभ कर्म शान्त हो जायें। इस प्रकार योगवासिष्ठ में कर्म की अनिवार्यता स्वीकार करते हुये कहा गया है कि यथा अग्नि व उष्णता अलग नहीं हो सकते तथैव मन, कर्म आत्मा अलग नहीं है। कर्म ही मानव है व मानव ही कर्म है। यह दोनों उसी प्रकार अभिन्न है जैसे–बर्फ और उसका शीतलत्व–

कर्मैव पुरुषो राम! पुरुषस्यैव कर्मता।
एते ह्यभिन्ने विद्धि त्वं यथा तुहिनशीतते।।[१८]

अत: जब तक कर्म की अनिवार्यता है। योगवासिष्ठ में कर्म के दो प्रकार बताये गये हैं। प्रथम शास्त्रानुसार पुरुषार्थ द्वितीया शास्त्र विरूद्ध पुरुषार्थ। प्रथम से परमार्थ की प्राप्ति होती है व द्वितीय से अनर्थ की। अत: शास्त्रों व सज्जनंग से युक्त पुरुषार्थ का आश्रय लेकर बुद्धि को निर्मल बनाते हुये संसार समुद्र को पार करना चाहिये–

उच्छास्त्रं शास्तिं चेति द्विविधं पौरुषं स्मतम्।
तत्रोच्छास्त्रमनर्थाय परमार्थाय शास्त्रितम्।[१९]
तस्मात्पौरुषमाश्रित्य सच्छास्त्रैः सत्समागमैः।
प्रज्ञाममलतां नीत्वा संसारजलधिं तरेत्।।[२०]

वसिष्ठकार के अनुसार यदि जगत् में आलस्य रूपी अनर्थ न होता तो कौन धनी व विद्वान नहीं होता। आलस्य के कारण ही यह समुद्र पर्यन्त पृथ्वी निर्धन व नरपशुओं से भरी पड़ी है–

आलस्यं यदि न भवेज्जगत्यनर्थः।
को न स्याद्बहुधनको बहुश्रुतो वा।।[२१]
आलस्यादियमपि नः ससागरान्ता।
सम्पूर्णा नरपशुभिश्च निर्धनैश्च।।[२२]

इस प्रकार हम देखते हैं कि योगवासिष्ठ के उपर्युक्त विचार वर्तमान में उतने ही प्रासंगिक है। आधुनिक समय में बुद्धिजीवी व श्रमजीवी सभी श्रेणियों के मानव पुरुषार्थ से विमुख होते जा रहे हैं। सर्वत्र अकर्मण्यता व किंकर्तव्यविमूढता की स्थिति दृष्टिगोचर होती है। मनुष्य धर्म, अर्थ व कामरूपी त्रिवर्ग की प्राप्ति शीघ्रातिशीघ्र करना तो चाहते हैं। किन्तु उसके लिए अपेक्षित कर्म नहीं करते तथा असफलता की स्थिति में वे भाग्य पर दोषारोपण करके स्व कर्तव्यों की इति श्री मान लेते हैं।

कतिपय तथाकथित धार्मिक जन अपने परिवार समाज, राष्ट्र व स्वयं के प्रति कर्तव्यों की तिलांजलि देकर मोक्ष प्राप्ति के लिये संसार त्याग का अवलम्बन लेते हैं। किन्तु वह न तो सांसारिक दृष्टि से सफल होते हैं और न ही आध्यात्मिक दृष्टि से।

अन्ततः कहा जा सकता है कि योगवासिष्ठ के उपरोक्त उपदेश आधुनिक मानवों के प्रज्ञाचक्षुओं को उन्मीलित करने हेतु अत्यधिक उपयोगी है। भारतीय मनीषा की सर्वोत्तम कृतियों में अग्रणी काव्य, आख्यायिका व दर्शन की यह सुन्दर त्रिवेणी अविद्या का नाश व ज्ञान का प्रकाश करने वाली है। ब्रह्म भाव प्राप्त करने व ब्रह्मभाव में स्थित रहकर संसार में व्यवहार करने के निमित्त इस ग्रन्थ का पठन, मनन व निदिध्यासन सर्वोत्तम उपाय है।

संदर्भ सूची

१. योगवाशिष्ठ २/१८/३३

२. योगवाशिष्ठ ३/८४/४७

३. योगवाशिष्ठ ६/१४/८

४. योगवाशिष्ठ ५/८७/१८

५. योगवाशिष्ठ १/२९/१७

६.योगवाशिष्ठ १/३१/२६

७. योगवाशिष्ठ ५/५/९

८. योगवाशिष्ठ ४/४५/४५

९. योगवाशिष्ठ ५/५/९

१०. योगवाशिष्ठ ६/१.१०४/४०

११. योगवाशिष्ठ ६/१.१०४/१२

१२. योगवाशिष्ठ ६/१.१०४/४१

१३. योगवाशिष्ठ ६/१.१०४/४३

१४. योगवाशिष्ठ ६/१.१०४/४४

१५. योगवाशिष्ठ ६/१.१०४/६

१६. योगवाशिष्ठ ४/१५/४२

१७. योगवाशिष्ठ ४/१५/४३

१८. योगवाशिष्ठ ३/६/१४

१९. योगवाशिष्ठ ३/७२/८
२०. योगवाशिष्ठ २/७/१९
२१. योगवाशिष्ठ २/७/३
२२. योगवाशिष्ठ २/५/२९
२३. योगवाशिष्ठ २/७/१७
२४. योगवाशिष्ठ २/५/२८
२५. योगवाशिष्ठ २/९/३
२६. योगवाशिष्ठ २/८/१५
२७. योगवाशिष्ठ २/७/२१
२८. योगवाशिष्ठ ६/२.१५७/२९
२९. योगवाशिष्ठ ६/२.२८/८
३०. योगवाशिष्ठ २/५/४
३१. योगवाशिष्ठ २/६/२४
३२. योगवाशिष्ठ २/५/३०

नारायणभट्टकवेः धातुकाव्यम् इति लक्ष्य-लक्षणात्मकस्य शास्त्रकाव्यस्य वैलक्षण्यपरिशीलनम्

डॉ. के. आञ्जनेयुलु
संस्कृतविभागः, उस्मानिया विश्वविद्यालयः, हैदराबाद, तेलङ्गाणा

"चत्वारि पदजातानि नामाख्तातोपसर्गनिपाताश्च" इति निरुक्तवचनानुसारं संस्कृतभाषायां सामान्यतः नामाख्यातोपसर्गनिपातेषु नाम पदं सुबन्तम्, आख्यातं पदं तिङन्तञ्चेति व्यवह्रियते। पदसमूहे वाक्ये तेषां चतुर्णां पदजातानां क्रियारूपः तिङन्तः एव प्रधान इति विदुषामभिमतम् तथापि पदसमूहे वाक्ये तिङन्तरूपस्य धातोः, धातोरर्थविषये विभिन्नवादाः श्रूयमाणास्सन्ति। तद्यथा मीमांसा-न्यायसिद्धान्तानुसारिणः फलमात्रं धात्वर्थः, आख्यातार्थः कृतिः, फलव्यापारौ धातुवाच्यौ कृतिराख्यातार्थः इति, वैय्याकरणाः फलव्यापारयोः धातुवाच्यत्वमिति, अन्ये च केचन फलमात्रं धात्वर्थः प्रत्ययार्थो व्यापारः, फलव्यापारौ धातुवाच्यौ भावना आख्यातार्थ इति च अभिप्रयन्ति। किञ्च 'भावप्रधानमाख्यातं, सत्त्वप्रधानानि नामानि" इत्यनुसारं वाक्यार्थे तिङन्तरूपक्रियैव एव प्राधाना इति निर्विवादांशः। दधाति विविधं शब्दरूपं यः स धातुः अतः धातोः प्राधान्यमनुसृत्य पाणिनिमहर्षिणा अष्टाध्याय्यां विस्तरेण विचारितम्। तथैव धातुपाठे उपदेशरूपेण प्रायः द्विसहस्रमिताः धातवश्च पठिताः। ते सर्वेऽपि विकरणप्रत्ययभेदेन भ्वादि, अदादि, जुहोत्यादि, दिवादि, स्वादि, तुदादि, रुधादि, क्र्यादि, तनादि, चुरादि चेति दशगणेषु निर्दिष्टाः। तेषु औपदेशिकाः, आतिदेशिकाः चेति द्विप्रकारकेषु प्रत्येकः धातुः मूलरूपात् परिवर्तितो बहुविधक्रियारूपान् निष्पादयति। सनाद्यन्तादिभिः कृत्प्रत्ययैश्च एकस्य धातोः अनन्ताः प्रयोगाः सिद्ध्यन्ति। तद्ज्ञानेनैव बहवः शास्त्रपारङ्गताः वैय्याकरणपण्डिताश्च बहुधा प्रयोगप्रदर्शनपूर्वकं धातोः विश्लेषणं कुर्वन्तः भट्टि-भूमभट्ट-हलायुधादयः शास्त्रपण्डिताः धातूनां लक्ष्यमुखेन उदाहर्तुं रावणवधः, कविरहस्यमित्यादि काव्यान्यप्यलखिन्। तत्क्रमे नारायणभट्टः अपि धातुकाव्यम् अलिखत्। एतादृशकाव्यानि शास्त्रकाव्यम् इति, तेषां रचयितारः शास्त्रकाव्यप्रणेतार इति संस्कृतगवेषकैः प्रस्तावितम्। तद्यथा-

व्याडिर्मुनित्रयं भट्टिर्भट्टभूमो हलायुधः।
हेमचन्द्रो वासुदेवस्तथा नारायणावपि।।
शास्त्रकाव्यप्रणेतारः शाब्दिकाः कवयः स्मृताः।।

मुनित्रयम्, व्याडिः, भट्टिः, भट्टभूमः, हलायुधः, हेमचन्द्रः, वासुदेवः, नारायणश्चेत्यादिवैय्याकरणाः जाम्बवतीपरिणयम्, महाबलचरितम्, स्वर्गारोहणम्, कविरहस्यम्, कुमारपालचरितम्, वासुदेवविजयम् इत्यादि ग्रन्थानामाधारेण शाब्दिककवय इति परिकीर्तितेषु त्रयो मुनय एव आद्याः शास्त्रकाव्यकाराः। ततः

एव शास्त्रकाव्यानां विकासः परिविस्तृतो सञ्जात इति ज्ञायते। अतः शास्त्रकाव्यवाङ्मये किं नाम शास्त्रकाव्यम् इति जिज्ञासिते न क्वापि इदमित्थन्तया निर्दिष्टरूपेण प्रमाणानि उपलभ्यन्ते। किन्तु ''यं कमपि कथावस्तु परिगृह्य व्याकरणादिशास्त्रेषु निर्दिष्टान् नियमान् अनुसृत्य तान् पुनः पाठकानवगमयितुं नैकान्युदाहरणनि च काव्ये प्रयुज्य कृतं काव्यमेव शास्त्रकाव्यम्'' इति वक्तुं पारयामः। शास्त्रकाव्यस्यैव लक्ष्योदाहरणकाव्यम् उदाहरणकाव्यम् इति नामान्तरैश्च संज्ञा कृता दृश्यते। संस्कृतवाङ्मये शास्त्रकाव्यस्योद्भवः, तस्य विकासश्च अस्मिन्नेव शोधप्रबन्धे पूर्वाङ्के (द्वितीयाङ्कः-२०१५) मया एव विस्तरेण विचारितमस्ति। अतः अस्मिन् प्रबन्धे पुनः न प्रस्तूयते। साक्षात् धातुकाव्यस्य वैलक्षण्यमेव प्रस्तोष्यते।

धातुकाव्यस्य परिचयः

प्राचीनकाले भट्टिभूमभट्टादिभिः कृतं शास्त्रकाव्यसम्प्रदायम् अनुसृत्य १५-१६ शताब्दौ केरलप्रान्ते स्थिताभ्यां वासुदेव-नारायणभट्टाख्याभ्यां कविभ्यां भगवतः वासुदेवस्य कथामुखेन पाणिनीयशब्दानुशासनस्य लक्ष्यमुखेनोपपादयितुं वासुदेवविजयम्, धातुकाव्यम् इति काव्यद्वयं रचितम्। काव्ययोः श्रीमद्भागवतमहापुराणस्य दशमस्कन्धभूदेव्याराधानात् कंसवधपर्यन्तं (१-४४ अध्यायाः) इतिहासकथैव दृश्यते। यदा कदाचित् यथोचितं कव्योः परिकल्पना च दरीदृश्यते। प्रथमे वासुदेवविजये सप्तसर्गेषु १-३७ अध्यायानां कथा वर्णिता। अस्मिन् ग्रन्थे कथामाध्यमेन पाणिनीयाष्टाध्याय्याः सूत्रोदाहरणानि काव्योचितं प्रस्तुतानि। द्वितीये धातुकाव्ये त्रिषु सर्गेषु ३८-४४ अध्यायानां कथा वर्णिता। नारायणभट्टः सप्तसर्गात्मकवासुदेवविजये त्यक्तम् इतिवृत्तमादाय अक्रूरस्य वृन्दावनाभिगमनादारभ्य मथुरायां कंसवधपर्यन्तं त्रिषु सर्गेषु धातुकाव्यं समापयति। अत्र एकैको सर्गः एकदिवसात्मकः।[1] तेषु पाणिनीयधातुपाठान्तर्गताः प्रायः द्विसहस्रधातवः गुणनिर्दिष्टाः ससन्दर्भं लक्ष्यमुखेन यथाक्रममुदाहृताः।[2] तत्रापि वृकोदरप्रणीतधातुपाठक्रमम् अनुसृतवानिति प्रामाण्यमुपलभ्यते।[3] वृकोदरधातुपाठक्रमे पाठभेदात् व्याकुलो 'माधवाश्रयादिति' निश्चित्य धातुकाव्यमरचयदिति ज्ञायते। तद्यथा-

उदाहृतं पाणिनिसूत्रमण्डलं प्राग्वासुदेवेन तदूर्ध्वतोऽपरः।
उदाहरत्यद्य वृकोदरोदितान्धातून् क्रमेणैव हि माधवाश्रयात्।।

एवं नारायणभट्टः धातुकाव्ये माधवीयधातुवृत्तिराश्रिता तथापि समायानुसारं, कथाकथनार्थम्, मनोवृत्तिं च प्रकाशयितुं धातूनां तेषामर्थां परिवर्त्य न्यवेशयदित्यवगम्यते। काव्यप्रयोगेषु क्वचित्स्थलेषु प्राधानमर्थं त्यक्त्वा अप्राधानार्थे परिवर्तितार्थे वा धात्वर्थाः ग्राह्याः इति ज्ञायते। किन्तु केवलधातुपाठक्रमेण कथं वा काव्यं कर्तुं शक्यते, तस्मिन् सहृदयाह्लादः जन्यते न वेति सर्वेषां शङ्का जायते। तादृशीं शङ्कामपाकर्तुं सम्पूर्णधातुकाव्ये श्लोकेषु धातोः समन्वयः कीदृश इति सोदाहरणमुपपाद्यते।

माधवीयधातुवृत्तिदृष्ट्या धातुकाव्यस्य स्वरूपं यथा-

सर्गः	श्लोकसंख्या	धातुपाठः	मा.धा.वृ. गणविभागशः प्रयुक्ताः धातवः
प्रथमसर्गः	१.१-१.९२	भ्वादिः	१-७४०
द्वितीयसर्गः	२.१-२.४३	भ्वादिः	७४१-१०१०
	२.४४-२.५३	अदादिः	१०११-१०८२

	२.५४-२.५५	जुहोत्यादिः	१०८३-११०६
	२.५६-२.६७	दिवादिः	११०७-१२४६
	२.६८-२.७१	स्वादिः	१४४७-१२८०
	२.७२-२.८४	तुदादिः	१२८१-१४३७
तृतीयसर्गः	३.१-३.३	रुधादिः	१४३८-१४६२
	३.४	तनादिः	१४६३-१४७२
	३.५-३.१२	क्र्यादिः	१४७३-१५३२
	३.१३.३.६६	चुरादिः	१५३३-१९४७

इत्येवं धातुकाव्ये भू इत्याद्यारभ्य त्रिषु सर्गेषु २४६ श्लोकेषु १९४७ धातवः सनिपुणं काव्योचितं भिन्नप्रकारेण कथानुगुण्यमेवोपन्यस्ताः। ते च माधवीयधातुवत्तिक्रममनुसृत्यैव गणनिर्दिष्टाः, अन्तर्गणेषु निर्दिष्टाः धातवश्च सन्दर्भानुसारमुपन्यस्ताः। तेषां प्रस्तुतौ च प्रत्येकस्य गणस्यारम्भः न क्वचिदपि श्लोकमध्ये अथवा एकस्मिन् श्लोके वा द्वयोः गणयोः धातवः उदाहृताः। प्रायः प्रत्येकस्य श्लोकस्यारम्भे एव दशसु लकारेषु परस्मैपद आत्मनेपदे च कृदन्तादि प्रत्ययानां सहयोगेन प्रयुक्ताः। क्वचिच्च कथानुगण्यं सन्दर्भानुसारं वा विशेषार्थस्य बोधनाय सोपसर्गमुदाहृताः। तस्मात् प्रकृतशोधांशे धातुकाव्यस्य प्रायोगिकमौचित्यं किमिति प्रमाणपुरस्सरं विचार्यते।

अर्थवैशिष्ट्यदृशा धातुप्रयोगाणां परिशीलनम्

पाणिनीयधातुपाठे शतशः धातवः एकार्थे ब्रह्वर्थे च पठ्यन्ते। प्रक्रियादशायां तेषामेव प्रामाणिका अन्ये अर्था अपि ज्ञेयाः। तद्यथा पतञ्जलिमहर्षिणा "अग्नौ परिचाय्योपचाय्यसमूह्याः[४]" इति सूत्रभाष्ये विचारयति यत् "ऊहिरपि वह्यर्थे वर्तते, कथं पुनरन्यो नामान्यस्यार्थे वर्तते? कथमूहिर्वह्यर्थे वर्तते? बह्वर्थाः अपि धातवो भवन्ति" इति। न्यासे च "सत्यपि हि शब्दार्थत्वे भिद्यते एवैषामभिधेयम्। तथा हि-कवतिस्तावदव्यक्ते शब्दे वर्तते। उष्ट्रः कोकूयत इति। कुवतिरप्यार्तस्वरे वर्तते। चोकूयते वृषल इति। पीडित इत्यर्थः। कौतिस्तु शब्दमात्रे। तस्माद्विशिष्टार्थस्य परिग्रहः" इति प्रस्तावितम्।[५] अतः अर्थनिर्देशे कृतेऽपि अर्थविशेषे क्वचित् सामान्यतः एव पर्यवसानं भवति। एतत्सर्वमभिप्रेत्यैव अभियुक्तैरुक्तानां धातवश्चोपसर्गाश्च निपाताश्चेति ते त्रयः। अनेकार्थाः स्मृताः प्राज्ञैः पाठस्तेषां निदर्शनम्। इत्यादीनां प्रामाण्यवचनानाम् अनुसारं धातूनां प्रायः नानार्थत्वं याथातथ्यमूह्यते। तदनुसारमेव माधवीयधातुवृत्तौ पठितानां क्वचित्सन्दर्भेषु परिवर्तितार्थे अप्राधान्यार्थे वा धात्वर्था ज्ञेया इति काव्यालोचनेनावगम्यते।[६] अत एव अर्थदृष्ट्या धातवः के, तेषां प्रयोजनादिकञ्च किमिति सोदाहरणं परिशील्यते।

बह्वर्थकधातुप्रयोगाः

ज्ञा इति धातोः मा.धा.वृ. मारणतोषणनिशामनेषु वा चेत्यर्थाः निर्दिष्टाः। काव्ये तावत् मारणार्थे संज्ञिपता इति, तोषणार्थे विज्ञपयेम इति, निशामने (प्रदर्शनार्थे) प्रज्ञपयेत् चेति त्रिष्वर्थेषु काव्योचितमुपन्यस्तः। यथा–

प्रह्मल्यचित्तां स्मरयत्यसौ मां नन्दात्मजं संदरकः खलानाम्।
अनारि येन श्रपितं पयोऽपि बालैर्मुहुः संज्ञपितासुरेण।।

तमेव किं विज्ञपयेम मारं येनाच्युतं प्रज्ञपयेन्न बाणान्।
करे सरोजं चलयेन्न चाल्यः स किं मुरारिश्छदयेत्पुनर्नः।।

धा.का. २.११, १२ इति।

माधवीयधातुवृत्तौ नाधृ इत्यनयोः ऐश्वर्यमाधिपत्यं नियन्तृत्वं चेत्यर्थाः पठ्यन्ते। काव्यप्रस्तुतौ नाधितलोकनाथकम् इति प्रयोगस्य नाधितलोकस्य उपतप्तजनस्य नाथकमीशितारं रक्षकमिति, नाधितस्य प्रार्थितस्य निजलोकस्य आशीरूपेणानुग्रहीतारञ्च बोध्यन्ते। यथा–

स गान्दिनीभूरथ गोकुलैधितं स्पर्धालुधीगाधितकार्यबाधिनम्।
द्रक्ष्यन्हरिं नाधितलोकनाथकं देधे मुदास्कुन्दितमन्तरिन्द्रियम्।।[७] इति।

अत्रैव मा.धा.वृ. आप्रवणार्थक स्कुदि इति धातुः अस्कुन्दितम् इति प्रयोगस्य आप्लवनमुत्प्लुत्य गमनमिति तरङ्गिण्याः, उद्धरणं वा भोजस्य[८] च मतानुसारं भिन्नार्थाः ग्राह्यन्ते।

एवमेव क्वचित्सन्दर्भेषु भिन्नार्थेधातूनाम् पृथग्ग्रूपेण सङ्गृहीतः दृश्यते। यथा धुक्ष धिक्ष इत्यनयोः माधवीयधातुवृत्तौ सन्दीपनक्लेशनजीवनेषु इति भिन्नार्थाः विद्यन्ते। परं काव्ये धुक्ष इति धातोः सन्दीपनार्थे सन्धुक्षमाण इति, क्लेशकदाहकार्थे धिक्षकम् इति च पृथग्रूपेण प्रयुक्तौ। यथा–

संधुक्षमाणमरिधिक्षकमूष्मजालं संवृक्ष्यवेदमतशिक्षकभिक्षुगम्यम्।
संक्लेशितस्वकथदक्षणदीक्षितं तं प्रेक्ष्यैव जन्मफलमीषितवान्महात्मा।।[९] इति।

यथा चान्यत्र मा.धा.वृ. रक्षण–गति–कान्ति–प्रीति–तृप्त्य–वगम–प्रवेश–श्रवण–स्वाम्य–सामर्थ्ययाचन–क्रियेच्छा–दीप्त्यवाप्त्यालिङ्गन–हिंसादह–भाववृद्धिषु इति रक्षणाद्यष्टादशसु अर्थेषु पठितस्य अव इति धातोः केवलं रक्षणार्थे एव अवन्तम् इति प्रयुक्तम्।[१०] एवं बह्वर्थकधातूनां नैकविधप्रयोगाः काव्यान्तं यावत् काव्योचितं प्रयुक्ताः संलक्ष्यन्ते।

एकार्थकधातुप्रयोगाः

पाणिनीयधातुपाठे बह्वर्थकाः इव शतशः धातवः समानार्थकाः एकार्थकाश्च संलक्ष्यन्ते। ते सर्वे प्रायः श्लोकेषु काव्योचितमेव निविष्टाः। यथा वृन्दावनगमनमार्गे श्रीकृष्णदर्शनोत्सुकस्य अक्रूरस्य स्वानुभवव्यक्तीकरणे तस्य सन्तोषातिशयप्रकटने च अकूर्दत, खूर्दकैः, वनान्तगूर्दी, रिपुगोदसूदी इति क्रीडार्थकाः कुर्द, गुर्द, गुद इतिचत्वारो धातवः क्रीडार्थे, तथैव हिंसाहिंसायाम् इत्यर्थद्वये क्षरणार्थकः षूद इति धातुः रिपुगोदसूद्यसौ इति श्लोके हिंसार्थे च एकत्रैव काव्योचितमुपन्यस्तः। तद्यथा–

मुदा स चेतो दददे चिरं हरौ स्वादात्सुरैः स्वर्दितमङ्गलोर्दने।
अकूर्दतेवास्य पुरः स्वखूर्दकैर्वनान्तगूर्दी रिपुगोदसूद्यसौ।।[११]

अत्र च माधवीयधातुपाठे ष्वद स्वर्द इत्येतौ आस्वादने[१२] अर्थे पठितौ द्वौ आस्वादनार्थे एव स्वादात्, स्वर्दित इति प्रयुक्तौ। एवञ्च वृन्दावनात् प्रत्यागमने अक्रूरेण सह रथारूढस्य कृष्णस्य अवस्थावर्णनसन्दर्भे तस्य दिव्यत्वं द्योतयन्तः दीप्तार्थे पठित दुभ्राजृ दुभ्राशृ टुभ्लाशृ इति त्रयः धातवः क्रमेण भ्राजिष्णुभिः, भ्राशित, भ्लाशितश्चेति एकत्रैव प्रयुक्ताः।[१३] अन्यत्र श्रीकृष्णमथुरागमनवेलायां सुखासनस्थस्य कंसस्य स्वरूपकथने हिंसार्थकाः तृहू स्तृहू तृन्हू इति च त्रयः चैकत्रैव ततर्ह, स्तृढ, तृंह इति प्रयुक्ताः।[१४]

तथैवान्यत्र भाषार्थकाः पट पुट लुट तुजि मिजि लुजि भजि लघि त्रसि विसि कुसि दशि कुशि घट घटि बृहि बर्ह बल्ह गुप धूप विच्छ चीव पुथ लोचृ लोकृ णद कुप तर्क वृतु वृधु इति विंशत्यधिकाः धातवः क्रमशः त्रिषु श्लोकेषु समन्वयं कृत्वा उदाहृताः।[१५] एवमेव तृतीयसर्गे मल्लयुद्धक्षेत्रस्य योद्धृणां च वर्णनसन्दर्भे भाषार्थकाः रुट लजि अजि दसि भ्रशि रुसि रुशि इत्यादि पञ्चदश धातवः क्रमेण द्वयोः श्लोकयोरेव प्रयुक्ताः।१६ एवं क्रमानुसारमेकार्थकाः नैके धातवः द्वित्रेषु श्लोकेषु, अत्याधिक्येन चतुर्षु श्लोकेषु प्रयुक्ताः१७ सन्दृश्यन्ते।

अप्राधान्ये परिवर्तितार्थे वा धातुप्रयोगाः

'माधवाश्रयादिति' निश्चित्य नारायणभट्टेन धातुकाव्ये माधवीयधातुवृत्तिराश्रिता तथापि समयानुसारं, कथाकथने स्वमनोवृत्तिं प्रकाशनार्थं धातूनां तेषामर्थाश्च परिवर्तिताः इत्यवगम्यते।[१८] धातुप्रयोगेषु क्वचित्स्थलेषु प्राधान्यमर्थं त्यक्त्वा अप्राधान्यार्थे परिवर्तितार्थे वा ग्राह्याः। अतः परिवर्तिताप्राधान्यार्थेषु धातुप्रयोगाः इत्ययमंशः प्रकल्प्य विशदं विचार्यते।

निमेषणः सङ्कोचनश्चेत्यर्थे पठिताः मील श्मील क्ष्मील इति धातवः काव्ये निमेषण सङ्कोचनश्चेति प्राधान्यमर्थमुपेक्ष्य उत् इत्युपसर्गसहितम् उन्मीलनश्मीलन, उत्स्मीलितक्ष्मीलितः चेति तिरोधान (अप्रकाशनम्) इत्यप्राध्यान्यार्थे प्रयुक्ताः। यथा–

उन्मीलनश्मीलनलीलया दृशोरुत्स्मीलितक्ष्मीलितविश्वविष्टपम्।

पिच्छस्त्रजा पीलितनीलकुन्तलं शीलेन संकीलितलोकमानसम्।।[१९] **इति।**

तथैव चान्यस्मिन् श्लोके लुट विलोटने इति माधवीयधातुवृत्तौ पठितः धातुः लुल इत्यन्येन च ल्युटि लोटन इति, च प्रयुक्तौ। तद्यथा–

कचिद्भटाधिष्ठितवेदिकातटान्क्वचिच्च खट्वाविहरन्नटीजनान्।

क्वचिच्च पेटीशतपूर्णहाटकान्क्वचित्सटालोटनलोलघोटकान्।।[२०] इति।

अन्यत्र च गतिस्थानार्जनोपार्जनेषु ऋज इत्ययं धातुः मैत्रेयपाठानुसारं गतिस्थानार्जनोपार्जनेषु इति, क्षीरस्वामि-धनपाल-शाकटायनादीनामनुसारम् ऊर्जनेषु वेति पठ्यते। काव्ये अर्जनं (स्वीकारः), ऊर्जनं (शक्तिप्राप्तिः प्राणनञ्च) चेत्याद्यर्थाः सङ्गृह्य शुभार्जकैः इति प्रयुक्तम्। यथा–

अमुञ्चनैर्मञ्चितचित्तपञ्चितत्रयीमतप्रस्तुचितैः शुभार्जकैः।

ससृञ्जितं कन्दमभृक्तसत्फलान्यदद्भिरेकत्र यदेजितं जनैः।।[२१] इति।

अनेनैव प्रकारेण परिवर्तितार्थे अप्रधान्यार्थे वा धातूनां नैकप्रयोगाः धातुकाव्ये सन्दृश्यन्ते।

सोपसर्गकधातुप्रयोगाः

उप इत्युपसर्गपूर्वकात् सृज विसर्गे इत्यस्माद्धातोः घञि प्रत्यये कृते सति उपसर्गः इत्यस्य निष्पत्तिर्भवति। अनया निष्पत्त्यैव शब्दकल्पद्रुमकाराः कथयन्ति यत् धातोः पूर्ववर्तिनो विंशतिसंख्याकाः प्राद्यव्यभूताः उपसर्गाः शब्दशास्त्रं वैदिकं लौकिकं च वाङ्मयं व्याप्नुवन्ति इति। उपसृज्यते धातोः समीपे क्रियते इत्युपसर्गः। विषयेऽस्मिन् भगवता पाणिनिना स्वाष्टाध्यायां प्रादयः (अष्टा. १.४.५८), उपसर्गाः क्रियायोगे (अष्टाः १.४.५९) इति सूत्राभ्यां वैज्ञानिकसरणिमधिकृत्य चर्चितमस्ति। उपसर्गाः क्रियायोगे इति

सूत्रेण प्र, परा, अप इति प्रादयः उपसर्गाश्चेति नाम्ना व्यवहारे नियतश्रेण्यां संख्यायन्ते। तेषां क्रियायोगे उपसर्गसंज्ञा विधीयते। उपसर्गसंज्ञकाः धातोः प्रागेव प्रयोक्तव्याः। यद्यपि वेदे धातूपसर्गकयोः पदान्तरेण व्यवधानं वा, पौर्वापर्यनियमविरोधेन प्रयोगो वा दृश्यते। लौकिकप्रयोगे तावत् पूर्वमुपसर्गः पश्चात् भू सत्तायाम्, एध वृद्धौ, स्पर्ध सङ्घर्षे इत्यादीनाम् योगे परस्मैपद-आत्मनेपद, सकर्मक-अकर्मकादिषु परिवर्तनम्, अर्थभेदश्च सञ्जायते। यथा डुकृञ् करणे, रमु क्रीडायाम् इति धातवः उपसर्गाणां योगे- शिष्यः गुरुमनुकरोति, देवदत्तः धर्मं पराकरोति, तथैव- स पापात् विरमति, अनेनैव प्रकारेण आरमति, परिरमति, उपरमति इत्यादि प्रयोगाः धातोः तिङन्तरूपैः, कृदन्तशब्दैश्च अर्थं सर्वथा परिवर्तयन्ति। सम्यगुक्तम् यत्-

उपसर्गेण धात्वर्थो बलादन्यत्र नीयते। विहाराहारसंहारप्रहारपरिहारवत्"[२२] इति, अन्यत्र- प्रहारहार संहार विहार परिहारवत्।। इति। तस्माच्च इदमूह्यते यत् उपसर्गाणां धातुभिर्योगे अर्थवैलक्षण्यं भजत इति। तच्च त्रिप्रकारकं भवितुं शक्यते। १. कश्चिदुपसर्गो धात्वर्थं बाधते। यथा प्रभवति। २. कश्चिदुपसर्गो धात्वर्थस्यानुगमनं करोति। यथा सम्भवति। ३. कश्चिच्च उपसर्गस्तमेव धात्वर्थं विशिनष्टि। यथा अनुभवति। अभियुक्तैरुक्तं च यथा-

धात्वर्थो बाधते कश्चित् कश्चित् तमनुवर्तते।
विशिनष्टि तमेवार्थमुपसर्गगतिस्त्रिधा।। इति।

उपसर्गाः धातुभिर्योगे काव्यस्य शब्दसौष्ठवस्य वाक्यविन्यासस्य च यथोपकारं कुर्वन्ति। तस्मात् धातुकाव्यस्यौन्नत्यमुपपादयितुं नारायणभट्टः नैकान् धातून् सोपसर्गमुदाहृतवान्। यथा-

१. चर्च अध्ययने इति धातुः इत्युपसर्गेण सञ्चर्चयन् इत्युदाहृतमस्ति। प्रयोगे सम् इत्युपसर्गः धात्वर्थं प्रबाधते। अध्ययनार्थं प्रबाध्य आवर्तनार्थं बोधयति। यथा-

सञ्चर्चयन्नपनयन्नाथ बुक्कयिष्णुः श्वेवोग्रशब्दानपरः करुणाध्वकाणः।
मल्लो जिजम्भिषुरसूदितवीर्यमीशं मुष्ट्या जजास बहु पाशितवांश्च दोष्णा।।[२३] इति।

२. ज्ञा मारणतोषणनिशामनेषु इति धातुः मारणार्थे, तोषणार्थे, निशामने (प्रदर्शनार्थे) च क्रमेण संज्ञिपत, विज्ञपयेम, चेति प्रयोगेषु सम्, वि, प्र इति उपसर्गाः धात्वर्थस्यानुगमनं कुर्वन्ति। तद्यथा-

प्रह्वल्यचित्तां स्मरयत्यसौ मां नन्दात्मजं संदरकः खलानाम्।
अनारि येन श्रपितं पयोऽपि बालैर्मुहुः संज्ञपितासुरेण।।
तमेव किं विज्ञपयेम मारं येनाच्युतं प्रज्ञपयेन्न बाणान्।
करे सरोजं चलयेन्न चाल्यः स किं मुरारिश्छदयेत्पुनर्नः।।[२४] इति।

३. मील श्मील क्ष्मील निमेषण सङ्कोचने इत्यादि धातूनाम् उन्मीलनश्मीलन, उत्स्मीलितक्ष्मीलितः चेति प्रयोगेयोः उत् इत्युपसर्गः तिरोदाने अर्थात् अप्रकाशने धात्वर्थं विशिनष्टि। यथा-

उन्मीलनश्मीलनलीलया दृशोरुत्स्मीलितक्ष्मीलितविश्वविष्टपम्।
पिच्छस्त्रजा पीलितनीलकुन्तलं शीलेन संकीलितलोकमानसम्।।[२५] इति।

एवं प्रकारेण काव्ये सोपसर्गयुक्तधातूनां प्रयोगेषु क्वचिदुपसर्गो धात्वर्थं बाधते, क्वचित् धात्वर्थस्यानुगमनं

करोति। कश्चिदुपसर्गः तमेव धत्वार्थं विशिनष्टि। तथैव च सोपसर्गस्य धातोः सकर्मक-अकर्मकयोः, परस्मैपद-आत्मनेपद-उभयपदादिषु च परिवर्तनं दृश्यत इति वक्तुमीहते।

धातुना एकेनोभयप्रयोजनसाधनम्

संस्कृतभाषायां सामान्यत एकेन धातुना एकाधिकाः प्रयोगा एकवाक्ये प्रयोक्तुं शक्यन्ते। तथैव धातुकाव्ये उभयप्रयोजनदृशा धातोरेकस्य अनेके प्रयोगा एकवाक्ये प्रयुक्ता दृश्यन्ते विशेषेण परस्मैपदात्मनेपदोभयपदादित्रिप्रकारकाः धातवः काव्ये द्विधा त्रिधा वा काव्योचितं परिवर्त्य सुप्-तिङ्-उपसर्ग-सनादि-कृदादि सहितं श्लेषया, विभाषया वा प्रयुक्ताः। इत्यतः अत्र धातुरेकेन काव्यप्रयोगवैशिष्ट्यं विचार्यते। भ्वादिगणे वात इत्येक एव धातुः वटितैः, वटु इति च द्विधा प्रयुक्तः। यथा-

लाटार्हशाटीवटितैर्वटुव्रजैर्वृतान्खलैश्चाकिटितान्प्रखेटकैः।
अशेटनीयैः सुधियामसेटकैर्युताञ्झटाझाटधरैश्च कैश्चन।।[२६]

अन्यत्र वल्ल इति धातोः वल्लमानम्, वल्लवी इति च द्विधा प्रयुक्तौ। यथा-

प्रक्रोपयन्तं मुरलीं महीभरक्ष्मायं बलस्फीतसुपीनदोर्युगम्।
अशेषतां भ्रूशलनैर्वलदृशा प्रवल्लमानं प्रियवल्लवीशुचम्।।[२७]

तथैव जुहोत्यादिगणे डुभृञ् इति धातू भार, भृतैः इति च द्विधा प्रयुक्तौ। तद्यथा-

जुह्वत्प्रियो भीरुजनं ह्रियार्तं बिभ्रत्कृपाभारभृतैरपाङ्गैः।
अमेयधामा स जहेऽघहानिं ददज्जनेभ्यो मुदमादधानः।।[२८] इति।

अन्यत्र वेञ् तन्तुसन्ताने, व्येञ् संवरणे, ह्वेञ् स्पर्धायां शब्दे च भ्वादिगणान्त उभयपदधातवः उत, वीत, समाहूय इति[२९], शक विभाषितो मर्षणे इति उभयपदिधातुः शक्यः, शक्यमानश्चेति परस्मैपदे-आत्मनेपदे च प्रयुक्तौ।[३०]

तथैव केचन धातवः श्लेषार्थे सुप्-तिङ् कृदादिषु चोपन्यस्ताः विरलाः प्रयोगाः काव्ये संलक्ष्यन्ते। तद्यथा द्वितीयसर्गे आर्द्रीभावार्थे पठित तिम ष्टिम ष्टीम इति धातवः तिम्यत्, स्तिम्यति, स्तीम्यत् इति च श्लेषार्थे प्रयुक्तौ। यथा-

तिम्यन्मतेस्तिम्यति नाम मन्मनः स्तीम्यत्सु तद्व्रीलमृते वदाम्यहम्।
देहि प्रभोः प्रेष्य सुसोहनाय मे जीर्णांशुकायः त्वमक्षीर्णमंशुकम्।।[३१]

इत्यत्र "खर्परे शरि वा विसर्गलोपो वक्तव्यः" इत्यनुसारं विसर्गलोपे मनः+स्तीम्य इति, पक्षान्तरे मनः+तीम्य इति वा श्लेषार्थे पदच्छेदः भवति।

एवं काव्ये धातोः अर्थभेदस्य स्वरूपभेदस्य प्रकाशनाय एकेन धातुना प्रयुक्ताः एतादृशाः प्रयोगाः असंख्याकाः परिलक्ष्यन्ते।

वेदे प्रयुज्यमानानां धातूनामादानं त्यागश्च

धातुकाव्ये लौकिकधातून् विहाय माधवीयधातुवृत्तौ वेदे प्रयोक्तुं निर्दिष्टाः धातवः प्रायः न प्रयुक्ताः। यतः वेदे प्रयुज्यमानाः धातवः काव्यप्रयोगे व्याकरणशास्त्रविरुद्धा भवन्ति। किञ्च काव्ये क्वचित्सन्दर्भेषु वेदे लौकिके च प्रयुज्यमानाः धातवश्च महाभाष्यादिव्याकरणशास्त्रप्रवक्तॄणाञ्च मतानुसारं प्रयुक्ताः सन्दृश्यन्ते।

यथा जुहोत्यादिगणे घृ, हृ, ऋ, शृ, कि, भस, कित, तुर, धन, जन, गा इत्यादि दश धातवः छन्दसामेव प्रयोक्तव्याः, परं 'बहुलं छन्दसि'[३२] इति पाणिनीयसूत्रव्याख्याने पूर्वोक्तेषु दशसु घृ, ऋ, भाष, तुर, धन इति पञ्च धातवः लौकिकभाषायामपि प्रयोक्तुं शक्यन्त इति महाभाष्यकारा उपदिशन्ति। तदनुसारेणैव घृ क्षरणदीप्त्योः इत्यस्य घर्म इति, ऋ गतौ इत्यस्य समारत इति, भस भर्त्सनदीप्त्योः इत्यस्य नभ इति, तुर त्वरणे इत्यस्य तुरैः इति, धन धान्ये इत्यस्य च प्रधन इति पञ्च धातवः काव्योचितमुदाहृताः इत्यवगम्यते। तद्यथा–

प्रणेनिजद्भिर्मतिमर्थतत्त्वं सुवेविजानैर्यदुभिः स विष्णुः।

घर्मोष्मभिस्तत्र समारताग्रे नभस्तुरैस्तैः प्रधनप्रवीणैः।।[३३] इति।

अन्यत्र दीधिञ् दीप्तिदेवनयोः, वेवीङ् वेतिना तुल्ये इत्येतौ अदादिगणे छन्दस्येव प्रयोज्याविति निश्चितम्। किञ्च महाभाष्यानुसारं दीधिञ्, वेवीङ् इत्येतौ दीधिति, वेव्यान इति लौकिकार्थे काव्ये प्रयुक्तौ। तद्यथा–

तं जाग्रतं दीनदरिद्रपोषे चकासतं शासतमप्रशान्तान्।

देवं स्फुरद्दीधितमम्बुजाक्ष्यो वेव्यानमालोक्य विमोहमापुः।।[३४] इति।

तथैव अह, दघ, चमु, रि, क्षि, चिरि, जिरि, दाश, दृ इत्यादि नव धातवः माधावीयधातुवृत्त्यनुसारं स्वादिगणान्ते हिंसार्थे छन्दस्येव प्रयोक्तव्या इति नियमः। तथैव ''छन्दस्यह व्याप्तौ'' इत्यनेन 'दधादिर्लोकेऽपि' इति, ''एषु छान्दसेषु क्षिधातुः सर्वथा लोकेऽस्ति' इत्यनुसारं वेदे लोके च प्रयोक्तव्याः इति च नियमः। तस्मात् धातुकाव्ये अह इति धातुं विहाय अन्ये अष्टौ धातवः दघ्नुवन्, रिण्वन् मखचमि, रिण्वन्, ऋक्षिण्वताम्, चिरयणैः, जिरिण्वन्, प्रदाश्य, दुर्द्रुवम् इति च लौकिकार्थे उपन्यस्ताः संज्ञायन्ते।[३५]

इत्येवं ''यथोत्तरं मुनीनां प्रामाण्यम्'' इति व्याकरणशास्त्रप्रवक्तॄणाम्, अथ च माधवीयेतरधातुपाठानां च मतानुसारं वा वेदे प्रयुज्यमानेषु केचन धातवः लौकिकार्थे प्रयोक्तुं योग्या इति मत्वा काव्योचितमेव नारायणभट्टेनोदाहृताः इति निर्धार्यते। इत्यतः महाभाष्यादिग्रन्थानां वचनानुसारं वैदिकलौकिकरूपेण प्रयुक्ताः एतादृशाः प्रयोगाः प्रायः पाणिनीयप्रयोगा एव। न तु अपाणिनीयाः।

उपसंहारः

शास्त्रकाव्यग्रन्थेषु धातुप्राधान्यमुखेन लिखितेषु धातुकाव्यमेव विशिष्टतममिति पण्डितानां समालोचकानां चाभिप्रायः। यतो हि नारायणभट्टेन धातुपाठे निर्दिष्टानुसारं यथाक्रमं यथासम्भवं वा भूवादिधातून् सोदाहरणं सोपमानञ्च प्रोयगमात्रेण निरूपितवान्। अनेन केवलं धातुपाठक्रमेण कथं वा काव्यं कर्तुं शक्यते, तेन सहृदयाह्लादः जन्यत इति शङ्का नैवोत्पद्यते। यतः भू इत्याद्यारभ्य त्रिषु सर्गेषु २४६ श्लोकेषु १९४७ धातवः सनिपुणं काव्योचितं भिन्नप्रकारेण कथानुगुण्यं ससन्दर्भानुसारं प्रत्येकस्मिन् श्लोके दशसु लकारेषु परस्मैपद–आत्मनेपदे च कृत्–कृदन्तादि प्रत्ययानां सहयोगेन प्रयुक्ताः। क्वचिच्च कथानुगण्यं विशेषार्थस्य बोधनाय सोपसर्गमुदाहृताः। तस्मात् शब्दोत्कर्षेण सहृदयानामाकर्षणे धातुकाव्यरचने नारायणभट्टः सफलो जात इति, स च नितरामभिनन्दनार्ह इति वावच्यते। तथैव पाणिनीयशब्दानुशासने सूत्र–गण–धातुपाठादीनां काव्यमाध्यमेन लक्ष्यीकरणेन व्याकरणशास्त्रस्य वैज्ञानिकता लोके सर्वत्र प्रचुरो भवतीति निस्संशयमुच्यते।

संदर्भ ग्रन्थ सूची

१. कंसहिंसा प्रबन्धार्थौ वीरभक्त्यादयो रसाः। त्रिभिर्दिनैः कृतं कर्म त्रिभिः सर्गैश्च कथ्यते।।
अक्रूरयोगो यात्रादिचापच्छेदान्तचेष्टितम्। मल्लोद्योगादिकंसान्तपर्यन्तं च त्र्यहे कृतम्।। धा.का. १.१

२. धातुपाठे च भूवादिर्भूयान् भवति तत्र च। अगणः प्रथमो भागो द्यूताद्यो गणवान् परः।।
अनयोरगणो भागः प्रथमः सर्ग उच्यते। द्वितीयभागमारभ्य तुदाद्यन्तं द्वितीयके।।
रुधादितश्चुराद्यन्तं तृतीयेनोपवर्ण्यते। व्यज्यते गणभेदादिः कथाभेदादिलाञ्छनैः।। धा.का. १.१

३. ननु धातुपाठानां बहुत्वात् किमीयः क्रमोऽस्मिन्नाश्रीयत इत्यत्राह- वृकोदरोदितानिति। धा.का. १.१

४. अष्टा. ३.१.१३१

५. न कवतेर्यङि (अष्टा. ७.४.६३) इति सूत्रस्य व्याख्यानसन्दर्भे।

६. क्वचित्सुयोज्या धात्वर्थाः क्वाप्ययोज्या उणादिषु। क्वचित्कथंचिद्योज्या स्युर्वक्ष्यन्ते तत्र तत्र ते।
हलन्त्यमुपदेशेऽजित्यादिर्ञिटुडवस्तथा। एभिर्धात्वनुबन्धानां लोपे स्यात् प्रत्ययः पुनः।।
हलन्त्यमिति लुप्येते स्वरार्थावन्तिमौ हलौ। तरौ लचौ नपौ चेति स्वरार्थाः प्रत्ययेषु षट्।। धा.का. ३.६८

७. धा.का. १.२

८. स्कुदि-९, भ्वादिगणः, मा.धा.वृ., ४१

९. धा.का. १.७७

१०. जिन्वन्तमुर्वीं जिनरिण्वनैः सतां रण्वन्तमन्तर्भवधन्वपादपम्।
कृण्वन्तमाश्चर्यगतीरमूतिदं जगन्त्यवन्तं त्रिदशोपधावितम्।। धा.का. १.७६

११. धा.का. १.४

१२. क्षीरतरङ्गिण्यां स्वद स्वर्द संवरणे अर्थे पठ्येते।

१३. कृष्णेऽपि रेजे पथि गोपबालैर्भाजिष्णुभिर्भ्राशितपार्श्वदेशः।
विभ्लाशितेऽक्रूररथे सरामः स्यमत्पयोदस्वनभाजि तिष्ठन्।। धा.का. २.२०

१४. मुरादिबन्धुः क्षुरघोरचेताः पुरन् खलानां जनजीववर्हीं।
कंसः स्थितो यत्र ततर्ह लोकं स्तृढामरस्तृंहकरानभीच्छन्।। धा.का. २.७७

१५. धा.का. ३.४३, ४४, ४५

१६. धा.का. ३.४६, ४७

१७. धा.का. प्रथमसर्गे १८, १९, २०, २१ संख्यात्मकश्लोकाः।

१८. व्यज्यते गणभेदादिः कथाभेदादिलाञ्छनैः। तात्पर्यभेदाद्योज्यन्ते तुल्यार्था अपि धातवः।। धा.का. १ण१

१९. धा.का. १.६७

२०. धा.का. १.४१

२१. धा.का. १.२४

२२. वैयाकरणभूषणसारः, पृ.सं. ४७५

२३. धा.का. ३.३८

२४. धा.का. २.११, १२

२५. धा.का. १.६७

२६. धा.का. १.४०

२७. धा.का. २.५४

२९. ततो निवत्स्यन्दिवसोर्ध्वभागे चारूतकीर्त्यम्बरवीतलोकः।
हरिः समाहूय वदन्सहायान्पुरस्य बाह्योपवनं शुशाव।। धा.का. २.४३

३०. शक्यन्गर्वमशक्यमानमनसामास्विद्यदास्योऽक्रुधं।
क्षुध्यद्धक्तदमाप मालिकवरं शुद्धं स सिद्धेप्सितम्।। धा.का. २.६३

३१. धा.का. २.५७

३२. अष्टा. ७.४.७८

३३. धा.का. २.५५

३४. धा.का. २.५२

३५. किं चादभ्नुवतीमिमां मम गृहानेहीति याञ्चापरा-मेष्यामीत्यमुचत्समृद्धकरुणः क्षिण्वन्कटाक्षैर्धृतिम्।।
क्ष्मां दघ्नुवन्मखचमिव्यसनानि रिण्वन् ऋक्षिण्वतां चिरयणैरपथं जिरिण्वन्।
कंसं प्रदाश्यमतिदुर्द्रमुद्दुदूषुश्छन्दः श्रुतोऽपि स हि कैश्चिदबोधि लोके।। धा.का. २.७०, ७१

Bibiliography :

१.	ईश्वरचन्द्रः	पाणिनीय अष्टाध्यायी, चौखम्बा संस्कृतप्रतिष्ठान, दिल्ली, २००४
२.	उन्नि एन्. पि.	धातुरूपकल्पद्रुमः, ओरियन्टल् बुक सेन्टर, दिल्ली, २००८
३.	काशीनाथः	(अ) रावणार्जुनीयम्, काव्यमाला-६८, निर्णयसागर प्रेस, मुम्बई, १९००
४.	कृष्ण टि. आर.	बृहद्धातुरूपावलिः, भारतीयविद्याप्रकाशन, वाराणसी, १९९५।
५.	गङ्गाधरन् नायर जि	संस्कृतव्याकरणचरितम्, संस्कृतभारती, न्यूदिल्ली, २०१३
६.	चारुदेवशास्त्री	उपसर्गार्थचन्द्रिका (१-२), भारतीय विद्याप्रकाशन, वाराणसी, १९७८
७.	केदारनाथशर्मा	(अ) धातुकाव्यम् (काव्यमाला १० गुच्छकम्)
	वासुदेवशर्मा	(आ) वासुदेवविजयम्, (काव्यमाला १० गुच्छकम्) तृतीय-संस्करणम्, निर्णयसागर प्रेस, मुम्बई, १९१५
८.	पुष्पादीक्षित	प्रक्रियानुसारी पाणिनीयधातुपाठः, संस्कृतभारती, न्यू दिल्ली, २०१०
९.	मुकुन्द झा शर्मा	यास्कनिरुक्तम्, चौखम्बा संस्कृतप्रतिष्ठानम्, दिल्ली, १९८९।
१०.	मुनिलावण्यविजयसूरिः	धातुरत्नाकरः, नवरङ्ग, न्यू दिल्ली, १९९२।
११.	मीमांसकः युधिष्ठिर	मैत्रेयरक्षितस्य धातुप्रदीपः, रामलाल कपूर ट्रस्ट, १९८२
१२.	राधाकान्तदेव राजा	शब्दकल्पद्रुमः, चौखम्बा संस्कृत सीरीज, वाराणसी, १९६७।
१३.	लोकमणि दाहलः	(अ) व्याकरणशास्त्रेतिहासः, भारतीय विद्या प्रकाशन, वाराणसी, १९९०।

		(आ) संस्कृतसाहित्येतिहासः, कृष्णदास अकादमी, वाराणसी, १९९९।
१४.	सुब्रह्मण्यशास्त्री पोतुकुच्चि	वाङ्मयव्यासमुलु, (प्रथमसम्पुटम्), बाबा आर्टु प्रिन्टर्स, तेनाली, १९८३।
१५.	स्वामी द्वारिकादासशास्त्री	माधवीयधातुवृत्तिः, प्राच्य भारतीय प्रकाशन, वाराणसी, १९६४।
१६.	श्यामला देवी	वासुदेवविजयम्, न्यू भारतीय बुक कार्पोरेशन, दिल्ली, २०१०
17.	Krishnamachariar M	History of Classical Sanskrit Literature Tirumala Tirupati Devasthanams Press, Madras, 1937
18.	Kunjunni Raja K	The Contibution of Kerala to Sanskrit Literature, University of Madras, 1980
१९.	प्राच्यविद्यानुसन्धानम्	प्रथममाङ्कः, डा. वेदपालः, जागृति विहार, मेरठ, उ.प्र., २००६ (षाण्मासिकीशोधपत्रिका)
२०.	महस्विनी	पञ्चमं कुसुमम्, आचार्य हरेकृष्ण शतपथी, राष्ट्रियसंस्कृतविद्यापीठम्, तिरुपति, २००६ (षाण्मासिकीशोधपत्रिका)

पुराणानां महत्त्वम्

डॉ. कुमारी प्रणीता
संस्कृतविभाग, तिलकामांझी भागलपुर वि.वि. भागलपुर

किं तावत् पुराणमिति जिज्ञासायां पुराणशब्दार्थो बहुधा निरुच्यते। काश्चन निरुक्तयोऽत्र समासतो निर्दिश्यन्ते। पुराणम् आख्यानं पुराणम् इति, अर्थात् प्राचीनानि आख्यानानि पुराणानीति। यस्मात् पुरा अनति इदं पुराणम्।

यत् पुरा सजीवम् आसीत् तत् पुराणम्। जगतः प्रागवस्थाम् अनुक्रम्य सर्गप्रतिपादकं वाक्यं पुराणम्। संसारोत्पत्तेः विकासक्रमस्य च बोधकं पुराणम्। पुरार्थेषु आनयतीति पुराणम्।

पुरुष-प्रकृत्यादि-पूर्वतत्त्वचिन्तनपरं पुराणमिति।

पुरा परम्परां वक्ति पुराणं तेन वै स्मृतम्।

प्राचीनपरम्परा-प्रतिपादका ग्रन्थाः पुराणमिति।

विश्वसृष्टेरितिहासः पुराणम्। विश्वरचनाया इतिहासमेव पुराणशब्दाभिमतम्।

वायुपुराणे तन्महत्त्वम् उद्घोष्यते यत् चतुर्वेदविदपि पुराणज्ञानविहीनो न विचक्षणपदवीम् आरोढं शक्नोति।

उक्तं च-

यो विद्याच्चतुरो वेदान् साङ्गोपनिषदो द्विजः।
न चेत् पुराणं स विद्यात् नैव स स्याद् विचक्षणः।।

पुराणानां धर्मार्थकाममोक्षात्मक- चतुर्वर्गसाधनाद् वेदत्वं प्रतिपाद्यते। पुराणं इत्याद्रियते।

उक्तं च भागवते-

इतिहासं पुराणं च पञ्चमो वेद उच्चते।

उक्तं च नारदीये पुराणे-

वेदार्थादधिकं मन्ये पुराणार्थं वरानने।
वेदाः प्रतिष्ठिताः सर्वे पुराणे नात्र संशयः।।

पुराणलक्षणसन्दर्भे विष्णुपुराणे पुराणस्य पञ्चलक्षणानि उक्तानि।

''सर्गश्य प्रतिसर्गश्च वंशो मन्वन्तराणि च।
वंशानुचरितं चैव पुराणं पञ्चलक्षणम्।।''

पुराणेषु नवविध-सृष्टेः वर्णनं प्रायेण प्राप्यते।

उदाहरणार्थम्– पद्मपुराणस्य सृष्टिखण्डस्य तृतीयेऽध्याये ७६ अध्यायतः ८। अध्यायान् यावत् पद्यानुसारं वर्णनमित्थं प्राप्यते। ये मुख्यरूपेण त्रिषु पदेषु विभज्यन्ते। १. प्राकृतसर्गः, २. वैकृतसर्गः, ३. प्राकृत–वैकृतसर्गः। प्राकृतसर्गस्य संख्या तिस्रः, वैकृतसर्गस्य संख्या– पञ्च तथा प्राकृतवैकृतसर्गस्य संख्या एकैववास्ति। एवं सर्गाणां सम्मिलितसंख्या नव सन्ति।

महत्तत्त्वस्य सर्गः ब्रह्मणः प्रथमः सर्गः उच्यते।

ब्रह्मणः सृष्टौ सर्वप्रथमस्य तत्त्वस्य आविर्भावो भवति।

तस्य अनन्तरं पञ्चतन्मात्रा उत्पद्यन्ते। इदमेव भूतस्य सृष्टिः। इन्द्रियसम्बन्धिनी तृतीयसृष्टेः संज्ञा वैकारिकी अस्ति। एषा सृष्टिः प्रकृते समुद्भूतास्ति। अत्र सर्वप्रथमं स्थानं चतुर्थी सृष्टिः मुख्या सृष्टिः कथ्यते। पञ्चमसर्गः तिर्यग्योनेः मन्यते। षष्ठ सर्गः देवतानामस्ति अस्मादनन्तरं मानुषी सृष्टिरागच्छति। पूर्वसर्गोऽपि ब्रह्मणः सृष्टौ पुरुषार्थस्य असाधक एव जातः।

अतएव सत्यसंकल्पः ब्रह्मा स्वध्यानाद् एकनवीनप्राणिवर्गस्य निर्माणमकरोत् ये पृथिव्यामेव भ्रमण–शीला जीवा आसन्। अष्टमसृष्टिः अनुग्रहनाम्ना ज्ञायते। विष्णुपुराणेन इमां सात्विकतामसरूपेण उक्त्वा केवलं सामान्यः संकेतः कृतः।

एका अन्तिमा सृष्टिः नवमसृष्टिः मताऽस्ति या प्राकृतवैकृतरूपास्ति। एषा कौमारसृष्टिः कथ्यते। विष्णुपुराणस्य द्वितीये अध्याये सृष्टेः संक्षिप्तं वर्णनम् अस्ति। तदन्तरं तृतीये अध्याये शक्तेः स्वरूपं प्रभाषितं विद्यते। अस्मिन्नेव प्रसङ्गे ब्रह्मणः आयुः वक्तुं कालविभागानामपि तत्र निरूपणमस्ति। चतुर्थे अध्याये वाराहावतारस्य वर्णनम् पञ्चम–अध्याये पुनः सृष्टेः विस्तारेण विवरणं प्राप्यते। पञ्चमे अध्याये प्राणिनां सृष्टेः कथनेन पूर्वमेव अविद्यायाः सृष्टिरुक्ता।

पद्मपुराणस्य एवं विष्णुपुराणस्य अनुसारतः सृष्टेः नव विभागाः अनेकेषु पुराणेषु प्राप्यन्ते।

सन्दर्भ सूची–

१. व्यासः वायुपुराणम्।

२. सायणः ऐतरेयब्राह्मणं।

३. व्यासः पद्मपुराणम्।

४. व्यासः वायुपुराणम्।

५. मधुसूदनसरस्वती।

६. व्यासः वायुपुराणम्।

७. व्यासः भागवतपुराणम्।

८. व्यासः नारदीयपुराणम्।

क्षेमेन्द्रकाव्य में विज्ञान की व्यंग्यचेतना

डॉ. पम्पा सेन विश्वास
विभागाध्यक्ष संस्कृत, एस.जी.एम. कॉलेज
राँची विश्वविद्यालय, राँची।

क्षेमेन्द्र एक प्रबुद्ध और मौलिक चिन्तक थे। औचित्यविचारचर्चा के द्वारा उन्होंने संस्कृतकाव्यशास्त्र में औचित्यसम्प्रदाय का अविर्भाव किया। सुवृत्ततिलक के माध्यम से उन्होंने काव्य में भाव और विषय के अनुरूप छन्दोविधान की विचारधारा के द्वारा एक नयी आलोचना की दृष्टि का परिचय दिया तथा कविकण्ठाभरण की रचना करके कविशिक्षा के क्षेत्र में एक नया अध्याय जोड़ा।

क्षेमेन्द्र की व्यंग्यचेतना उनकी निजी चीज है। एडीशन की भाँति वे व्यंग्य करने में कभी चूकते नहीं, परन्तु घाव करना कभी नहीं चाहते। उनकी व्यंग्यचेतना विध्वंसात्मक नहीं, अपितु सर्जनात्मक है। वे विकृतियों के स्थान पर स्वास्थ्य मूल्य का आविर्भाव करने वाले मसीहा हैं। वे केवल प्रतारणा करना ही नहीं जानते, सुधार करने की भावना भी उनके भीतर है। उनकी व्यंग्य चेतना में कटुता नहीं, अपितु विनोद का माधुर्य है। कलाविलास में दांभिक मूलदेव का वर्णन, समयमातृका में मंगली नामक कुट्टनी या वणिक् का व्यंग्यचित्र, देशोपदेश में कंजूस व्यक्ति, वेश्या तथा विट् आदि के चित्र इस बात को प्रदर्शित करते हैं। उनके व्यंग्य चित्र आधुनिक व्यंग्यलेखकों की पहुँच के अत्यधिक निकट है। क्षेमेन्द्र के पर्यवेक्षण में तटस्थता और व्यंग्य की प्रवृत्ति दोनों का सुन्दर सम्मिश्रण है। वेश्याओं और कुट्टनियों तक ही सीमित नहीं था। अपने समाज के सभी वर्गों, शासनतन्त्र के अधिकारियों, विभिन्न प्रकार के धन्धे करने वालों पर समान रूप से क्षेमेन्द्र की दृष्टि है। नर्ममाला में रिश्वतखोर कायस्थों और अधिकारियों का चित्रण बड़ा यथार्थ है। शासनतन्त्र के सूत्रधार किस प्रकार जनता को उल्लू बनाते हैं और अपना उल्लू सीधा करते हैं। यह क्षेमेन्द्र ने खुली आँखों से देखा था। **समाज के विभिन्न प्रकार के लोगों के अनैतिक कृत्यों, कुप्रवृत्तियों का भण्डाफोड़ क्षेमेन्द्र ने सफलतापूर्वक किया है।**

इस प्रकार की कल्पनायें स्थान-स्थान पर मिलती हैं, जो सूक्ष्म पर्यवेक्षण, विनोदवृत्ति तथा सन्तुलित प्रस्तुतीकरण के कारण प्रभावशाली हैं। क्षेमेन्द्र की कल्पना में दूर की कौड़ी आने तथा आसमान तक घोड़े दौड़ाने की होड़ नहीं है। अपने आसपास के जीवन से वह सीधे-सीधे बिम्ब चुन कर कथा को सजाते हैं। कहीं-कहीं क्षेमेन्द्र कल्पना के उच्च शिखरों पर भी आरोहण करते हैं, पर वे असंगत तथा विकेन्द्रित कभी नहीं होते।

क्षेमेन्द्र के समय विज्ञान का स्थान उन्नत था। समाज में वैज्ञानिकों का स्थान आदरणीय था। क्षेमेन्द्र के विभिन्न काव्यों से उस समय के समाज में विज्ञान की लोकप्रियता का उदाहरण भरा पड़ा है। आयुर्वेद से सम्बन्धित औषधविज्ञान की चर्चा उनके ग्रन्थों में है। उस समय भी औषधियों को बनाने वाले तथा

उपचार करने वाले को वैद्य कहते थे। नर्ममाला काव्य में बालकों को प्रारम्भ से ही औषधिविज्ञान की शिक्षा दी जाती थी, ऐसे उल्लेख हैं।[१] नर्ममाला में ही अक्षिदोष को दूर करने के लिए 'चक्षुर्वैद्य' का उल्लेख है।[२] उसी प्रकार जो शल्यचिकित्सा करते उसके लिए शल्यकर्त्ता शब्द का प्रयोग होता था।[३] शल्यक्रिया में प्रयुक्त चिमटी का भी उल्लेख मिलता है, जिसे 'कंठमुख' कहते हैं। शिर में बाँधे जाने वाली पट्टी को 'अभ्यंगपत्रिका' की संज्ञा दी गयी।[४] कलाविलास में ऐसे वैद्यों का उल्लेख है, जिसके हाथों मानव के सर्वस्वरूप प्राण निहित हैं और जो अज्ञानवश विभिन्न औषधियों का प्रयोग करते रहते, उन प्राणों को हर लेते हैं और सिद्ध वैद्य बन जाते हैं–

''विविधौषधपरिवर्तैर्योगैर्जिज्ञासया स्वविद्यायाः।
हत्वा नृणां सहस्त्रं पश्चाद् वैद्यो भवेत् सिद्दः।।''[६]

नर्ममाला में ऐसे वैद्यों का उल्लेख है जो नितान्त मूढ़ थे। जो अपने साथ औषधियों की सूची रखते थे।

''वहन्नौषधसंकेतंनामसंयोगधीरिकम्।
कृतान्ताधिकृतस्याग्राह्यः कायस्थ इवागतः।।''[७]

१०६० ई. में चक्रपाणिदत्त नामक आयुर्वेद के साहित्यकार ने चरक और सुश्रुत पर टीका लिखी थी। उन्होंने चिकित्सासारसंग्रह नामक पुस्तक भी लिखा। ऐसे विद्वानों के बीच विद्याविहीन वैद्यों का चित्रण क्षेमेन्द्र के नर्ममाला काव्य में दृष्टिगोचर होता है–

''विद्याविरहिता वैद्याः कायस्थाः प्रभविष्णवः।
दुराचाराश्च गुरवः प्रजानां क्षयहेतवः।।''[८]

क्षेमेन्द्र के ग्रन्थों में ज्योतिषियों को गणक की संज्ञा दी गयी है। कलाविलास में ऐसे गणकों का चित्रण है। क्षेमेन्द्र ने अपने काव्यों में इन गणकों की खुब खिल्ली उड़ायी है। कलाविलास में गणक मुखमुद्रा बनाकर राशि और ग्रहों की गणना करते हुए आकाश और नक्षत्र के मिलने की बात बतलाते हैं–

''गणयति गगने गणकश्चन्द्रेण समागमं विशाखायाः।
विविधभुजङ्गक्रीडार सक्तां गृहिणीं न जानाति।।''[९]

जन्मपत्रियाँ बनाई जाती थी और उनमें नक्षत्रों के शुभ–अशुभ ग्रह निर्धारित होते थे, जिसका संकेत देशोपदेश के विट वर्णन से मिलता है–

'शूरो दोषाकरः स्त्रीणां वक्रश्चित्ते खलो बुधः।
गुरुः पापे व्यये शुक्रो विटः पाथे शनैश्चरः।।''[१०]

नर्ममाला में ऐसे ज्योतिषों का वर्णन है जो दूर रखी सम्पत्तियों के विषय में बतलाते थे।११ ऐसे ज्योतिषियों का चित्र है जो हस्तरेखा देखने के बहाने कुलवधू के हाथों का स्पर्श करते थे–

'हस्तस्था धनरेखा विपुलतरास्या पतिश्च चलचित्तः।
मृद्नाति कुलवधूनामित्युक्त्वा कमलकोमलं पाणिम्।।'[१२]

ज्योतिष का अध्ययन तत्कालीन समाज में लोकप्रिय था।[१३] क्षेमेन्द्र के दोषोपदेश ग्रन्थ में रसायनशास्त्र के अनेक उदाहरण प्राप्त होते हैं। रसायनशास्त्र जानने वालों को धातुवादी कहा जाता था।१४ धूर्त ज्योतिषी वैद्य रतिकाम का मन्त्र से अनभिज्ञ थे पर स्त्रियों को गण्डा, ताबीज देते थे–

''वश्याकर्षणयोगी पाथ पाथे रक्षां ददाति नारीणाम्।
रतिकामतन्त्रमूलं मूलं मन्त्रं न जानाति।।''[१५]

क्षेमेन्द्र के अनुसार जराजीर्ण रसायनी, दरिद्र धातुवादी तथा चिररोगी वैद्य की विद्या हँसी का कारण बनती है–

''रसायनी जराजीर्णश्चिररोगी यथा भिषक्।
धातुवादी दरिद्रश्च किं तया हास्यविद्यया।।''[१६]

ज्योतिष जनता को ठगते थे। उनके साथ छल पर पैसा लेते थे। ऐसे धूर्त जीर्ण-शीर्ण, कृश, रूक्ष, खल्वाट धातुवादियों का क्षेमेन्द्र ने उपहास किया–

''ताम्रघटोपमशीर्षो धूर्तोहि रसायनी जराजीर्णः।
केशोत्पादनकथया खल्वाटानेव मुष्णाति।।''[१७]

क्षेमेन्द्र के द्वारा प्रस्तुत हास्यास्पद उल्लेखों से स्पष्ट है कि कुछ धूर्त इन विभिन्न रूपों में जनता को ठगते थे, किन्तु आयुर्वेद, रसायनशास्त्र, ज्योतिष के क्षेत्र में तत्कालीन भारत ने उन्नति की थी।

सन्दर्भ सूची-

१. नर्ममाला २/४५।
२. नर्ममाला ३/५९-६०।
३. नर्ममाला ३/६१-६३।
४. दोषोपदेश १/१३।
५. नर्ममाला २/६१।
६. कलाविलास ९/४।
७. नर्ममाला २/७०।
८. नर्ममाला २/७७।
९. कलाविलास ९/६।
१०. देशोपदेश ५/१०।
११. नर्ममाला १/५२।
१२. कलाविलास ९/१६।
१३. सचाउ, अलबरुनीज इण्डिया, भाग-१, पृ.-१४, १५२, १५९।
१४. देशोपदेश ८/२०।
१५. कलाविलास ९/१४।
१६. दर्पदलन ३/४६।
१७. कलाविलास ९/९।

Refutation of Various Definitions of Sentence by Kumarila

Dr. V. RAMYA SAI
Rastriya Sanskrit Vidyapeetha Tirupati

कुमारिल of वाक्याधिकरणम् of श्लोकवार्तिकम् takes up the definitions summarized by भर्तृहरि and refutes vehemently.

आख्यातं शब्दसङ्घातो जातिः सङ्घातवर्त्तिनी।
एकोऽनवयवः शब्दः क्रमो बुद्ध्यनुसंहतिः।।
पदमाद्यं पृथक् सर्वं पदं सापेक्षमित्यपि।
वाक्यं प्रति मतिर्भिन्ना बहुधा न्यायदर्शिनाम्।। (न्यायरत्नाकरः)

In case it is held that either the first word or the last word of all the words can be considered as a sentence then words cannot constitute a as there will not be any connection between words.

एवमाद्यान्त्यसर्वेषां पृथक्सङ्घातकल्पने।
अन्योन्यानुग्रहाभावात् पदानां नास्ति वाक्यता।। (४९)

पार्थसारथिमिश्र, the author of a commentary on श्लोकवार्तिक, न्यायरत्नाकर, remarks that although the definition "अन्त्यपदम्" is not there, कुमारिल refutes simply with an assumption that one may prefer to have one.

In case the first word is taken as the sentence and argued that the same will have the संस्कार of all other words then the first word will be वाचक and the rest of the words are द्योतक s.

आद्यं यदि सर्वैः संस्क्रियेत विशेषतः।
ततस्तदेव वाक्यं स्यादन्यश्च द्योतको गणः।। (५०)

पार्थसारथि clarifies-the first word cannot have the mercy of the rest of the word as there is no simultaneity (यौगपद्यम्) of all the words.

The same norm would apply to other theories, i.e. each word, or group of word also.

एवमन्येषु सर्वेषु पृथग्भूतेष्ववस्थितम्।

Now here is it seen that the first word or last word etc. is a वाक्य- स्वतन्त्रेषु हि वाक्यत्वं कथञ्चिन्नोपलक्षितम्।

The commentator elaborates if such a theory is acceptable then words that are separately pronounced, such as गौः, अश्वः would also become a sentence. कुमारिल refuses the theories of a स्फोटवादी, i.e. एकोऽनवयवशब्दः, जातिः सङ्घातवर्तिनी।

Since वर्ण s are accepted as the real candidates and पदम् is nothing but a group of वर्ण s, and a group of पद s is a वाक्य, there is no anithing called पदम् (other than a group of वर्णs), much less पदस्फोट nor any further like पदस्फोटजाति।

स्फोटजातिनिषेधश्च स्यात् पदस्फोटजातिवत्। (५२)

क्रमो बुद्ध्यनुसंहृति- is being refuted-

वर्णः पदक्रमो वाक्यं यथा वर्णक्रमः पदम्।

Since a sequence of letters is a word and not any separate entity, the theory that the sequence of words curled in the बुद्धि, cannot be a sentence as it is nothing new.

Further the sequence of words in बुद्धि cannot be exhibited in a consrete form, and just like स्तोत्रबुद्धि the word would have the क्रम-

बुद्ध्या च चोपसंहर्तुः क्रमो निष्कृष्य शक्यते।

Further, the sequence of letters in a word may be useful in eliciting the meaning but how far is the sequence of words is useful in eliciting the वाक्यार्थ is वाक्यार्थभेद is the question. And if it is accepted that it is useful then there will be वाक्यार्थभेद due to क्रमभेद।

तावत्स्वेव पदेष्वन्यः क्रमोऽन्यश्च प्रतीयते।
तत्र यावत्क्रमं भेदो वाक्यार्थस्य प्रसज्यते।। (५४)

As far as the definition that is आख्यातं वाक्यम् is concerned कुमारिल asserts that although one would have the cognition of the relation between कारक and क्रिया, it cannot be seen clearly outside the group of words. In the absence of such a relation there cannot be either a वाक्य or वाक्यार्थ Also no relation among कारकs and क्रियाs is seen-

तत्रापि न बहिर्वस्तु क्रियाकारकसङ्गतिः।
न कारकाणामन्योन्यं न क्रियाणां प्रतीयते।। (५६)

कुमारिल offers the following examples to show the absence of सङ्गति।

उखायामोदनं काष्ठैः देवदत्तः पचेदिति। (५७)

In the above sentence the word काष्ठैः does not have direct relation with the verb पचेत् Rather काष्ठs will have connection with दहनक्रिया and through that with पचनक्रिया–

काष्ठादीनां च सम्बन्धः क्रियया न स्वरूपतः।
आर्द्रादिधर्मकैः पाकस्थैः कृतो न हि दृश्यते।। (५९,६०)

We do not find any cooking done with the help of firewood wich is wet are so.

In वैयाकरणसिद्धान्तलघुमञ्जूषा (स्फोटनिरूपणम् of नागेशभट्ट the author at the outset, refers to the very सिद्धान्त of वैयाकरणs, that is वाक्यस्फोट and substantiates his clain-among the eight स्फोटs वाक्यस्फोट is important becaues in common parlance it is वाक्यम् that can denote the meaning and also since the meaning is completed by a वाक्य only.

तत्र वाक्यस्फोटो मुख्यः। लोके तस्यैवार्थबोधकत्वात्। तेनैवार्थसमाप्तेश्च। तदुक्तं न्यायभाष्यकृता–पदसमूहो वाक्यमर्थसमाप्ताविति। अत्र पदं सुबन्तं तिङन्तं च। तेन तत्समूह इत्यर्थः।

नागेश quotes न्यायभाष्यम् of वात्स्यायन which says a group of words which is capable of rendering a complete sense is a वाक्यम्, Here पदम् means सुबन्त as well as तिङन्त By this a group of सुबन्तs and तिङन्तs also can be taken as a वाक्यम्।

तत्र प्रतिवाक्ये सङ्केतग्रहासम्भवात्तदन्वाख्यानस्य लघूपायेनाशक्यत्वाच्च कल्पनया पदानि प्रविभज्य पदे प्रकृतिप्रत्ययभागकल्पनेन कल्पिताभ्यामन्वयव्यतिरेकाभ्यां तत्तदर्थविभागं शास्त्रमात्रविषयं परिकल्पयन्ति स्म आचार्याः। एतदेवाभिप्रेत्य विभाषा सुप इति सूत्रे कैयटः अन्वयव्यतिरेकाभ्यां प्रकृतिप्रत्ययानामिह शास्त्रेऽर्थवतापरिकल्पनादित्याह।

Further नागेश explains the actual state of affairs- while it is accepted that sentence is the real candidate in terms of transformation of meaning, since it is impossible to analyze every sentence through a brief as well as perfect device, the authors of व्याकरण had artificially carved out words from a sentence and created the dichotomy of प्रकृति and प्रत्यय in a word and similarly अन्वय and व्यतिरेक applicable to meaning- that are exclusively useful for शास्त्र (not for usage). quotes कैयट in this regard.

Under स्फोटभेदनिरूपणम्, नागेश refutes the claim of नव्यनैयायिक that पदम् is शक्तम् i.e. प्रकृति and प्रत्यय are really meaningful etc. saying that it is due to illusion as वैयाकरणs had come down and assigned meanings to प्रकृति and प्रत्यय artificially. It is due to the reason that the very unit of a language, i.e. a वाक्य, is infinite in number and same is the case with पदs also.

नव्यनैयायिकग्रन्थे प्रकृतिप्रत्ययार्थविचारस्तु व्याकरणवासनावासितान्तः करणतया तत्रैव वास्तवत्वभ्रमेणेति बोध्यम्।

कणाद in वैशेषिकदर्शन accepted two प्रमाणs only, viz. प्रत्यक्ष and अनुमान By the सूत्र–एतेन शाब्दं व्याख्यातम्, he included शब्दप्रमाण in अनुमान।

On the other hand, अक्षपाद the author of न्यायदर्शनम् after a tough discussion in the form of a पूर्वपक्ष ruled as follows- न, सामयिकत्वाच्छब्दार्थसम्प्रत्ययस्य।

A समय or सङ्केत such as अस्य शब्दस्य इदं वाच्यम्, which is in the form of an आप्तोपदेश is the base of the पदार्थबोध out of a शब्द Therefore शब्द cannot be included in अनुमान as was done by वैशेषिकs।

In this context वात्स्यायन, the author of न्यायभाष्य offers the following प्रयुज्यमानग्रहणाच्च समयोपयोगो लौकिकानाम्, समयपालनार्थं चेदं पदलक्षणाया वाचोऽन्वाख्यानं व्याकरणम्, वाक्यलक्षणाया वाचोऽर्थलक्षणम्।

For the common people समय is useful as take the शब्दs that are in currency व्याकरणम् which analyses the वाक in the form of पद is simply to sustain the समय, मीमांसा deals with the अर्थ of a वाक in the form of a sentence.

In the above commentary a general statement is made that व्याकरम् deals with पद. Rather the fact is that पाणिनीयम् being शब्दानुशासनम् deals with all aspects of शब्द right from वर्ण down to महावाक्य. पदशास्त्रम् is the संज्ञा given following the norm "प्राधान्येन व्यपदेशाः भवन्ति।"

Here is the fact- पाणिनि earmarked a couple of सूत्र s to analyze a महावाक्यम् This falls under लकारार्थप्रकरणम्–अभिज्ञावचने ऌट्, न यदि, विभाषा साकाङ्क्षे (३.२.११२,११३,११४) when a स्मृतिवाचक is उपपद in भूतानद्यतन, धातु will get ऌट् instead of लङ्–स्मरसि कृष्ण गोकुले वत्स्यामः, एवं बुध्यसे चेतयसे इत्यादि योगेऽपि।

if यदि is used i.e. if two sentences are used and the word यदि is involved then there will not be ऌट्, but लङ्– अभिजानासि कृष्ण यद्वने अभुञ्ज्महि।

In case, the धात्वर्थ is साकांक्ष through लक्ष्यलक्षणभाव then ऌट् is optional स्मरसि कृष्ण कश्मीरेषु वत्स्यामः तत्रः सक्तून् पास्यामः– पक्षे अवसाम and अपिबाम।

Therefor, although हरि has been harping on वाक्यस्फोट, depending on the situation i.e. when two or more sentences are used, महावाक्यस्फोट has to be embraced. This is the analysis of a महावाक्य in common parlance by पाणिनि।

As a matter of fact each and every शास्त्र/दर्शनम् is built based on the theory of महावाक्य A group of words conforming to आकाङ्क्षा, योग्यता and आसत्ति is a वाक्य Whereasa group of अवान्तरवाक्य s conforming to the same is a महावाक्य। if the meaning to be transformed is short the speaker would employ a sentence whereas if the meaning is large he would prefer a महावाक्य।

Here is a quick survey of the cncept of महावाक्य accross different systems of Indian Philosophy- the very definition of a वाक्य offered by जैमिनि i.e. अर्थैकत्वादेकं वाक्यं

साकाङ्क्षं चेद्विभागे स्यात् is a definition of a महावाक्य also. This is justified by the word पदम् which is conspicuous by its absence.

If there is अर्थैकत्वम्/एकार्थबोधकत्वम्/एकवाक्यता among the अवान्तरवाक्यs then that particular stretch of language is called a महावाक्य Here एकवाक्यता is वाक्यैकवाक्यता There is no any limit for the length of a महावाक्य It can be two sntences or any more dpending on the meaning to be transformed.

कुमारिल rules-

स्वार्थबोधे समाप्तानाम् अङ्गाङ्गित्वव्यपेक्षया।
वाक्यानामेकवाक्यत्वं पुनः संहत्य जायते।।

As has been already discussed, there is an अग्निवाक्य-दर्शपूर्णमासाभ्यां स्वर्गकामो यजेत and there are अङ्गवाक्यs such as समिधो यजति, तनूनपातं यजति etc. Both the segments get united following अङ्गाङ्गिभाव caused by उभयाकांक्षा and we get the following महावाक्य-समित्तनूनपाद्यङ्गसहिताभ्यां दर्शपूर्णमासाभ्यां स्वर्गकामो यजेत। This is also called प्रयोगविधि।

कुमारिल in तन्त्रवार्तिक remarks that in every शास्त्र the सूत्रs would have mutual connection-

सर्वाण्येव हि शास्त्राणि स्वप्रदेशान्तरैः सह।
एकवाक्यतया युक्तमुपदेशं प्रतन्वते।। (३.४.४.१३)

In व्याकरणं-वृद्धिरेचि (६.१.८५) is the विधिसूत्रम्-संहितायाम् and एकः पूर्वपरयोः are अधिकारसूत्रेs. 'आत्' is taken as अनुवृत्ति from 'आद्गुणः' (६.१.८४). तस्मिन्निति निर्दिष्टे पूर्वस्य (१.१.६५), तस्यादित्युत्तरस्य (१.१.६६) are परिभाषेs. Here the विधिसूत्रं is अङ्गी and the rest are अङ्गs. अङ्गाङ्गिभाव is the relation. As a result the following महावाक्य is formed and the same is applicable in examples like गङ्गौघः- संहितायाम् आदेचि परे वृद्धिः एकादेशः स्यात्।

In common parlance if the term महावाक्य is uttered people will understand the four महावाक्यs such as तत्त्वमसि, अयमात्मा ब्रह्म, etc., the Upanishadic sen tences discussed in Vedanta Here one thing may be noticed that which are otherwise ordinary sentences are considered as महावाक्यs depending on the load of meaning born by these sentences. The sentence तत्त्वमसि offers the gist of छान्दोग्योपनिषद् and it is repeated nine times (अभ्यास).

बृहत्संहिता offers six तात्पर्यनिर्णायकs which are useful in checking एकवाक्यता and arriving at the purport-

उपक्रमोपसंहारावभ्यासोऽपूर्वता फलम्।
अर्थवादोपपत्ती च लिङ्गं तात्पर्यनिर्णये।।

In न्याय and वैशेषिक परार्थानुमान is achieved through employing the five membered

syllogism or पञ्चावयववाक्यम् and the same is called न्याय. 'प्रतिज्ञाहेतूदाहरणोपनयनिगमनान्यवयवाः' is the न्यायसूत्रम्। 'पर्वतो वह्निमान्' is प्रतिज्ञा, 'धूमात्' इति हेतुः। 'यो यो धूमवान् स स वह्निमान् यथा महानसः' इत्युदाहरणम्, 'तथाचायम्' इत्युपनयः। 'तस्मात् तथा' इति निगमनम् The following is the परार्थानुमानजनकन्यायमहावाक्यम्- पर्वतो वह्निमान्, धूमात्, यो यो धूमवान् स स वह्निमान् यथा महानसः, तथाचायं, तस्मात् तथा।

As far as अलङ्कारशास्त्र is concerned both the terms i.e. महाकाव्यम् and महावाक्यम् are synonyms. विश्वनाथ in साहित्यदर्पण defines वाक्योच्चयो महावाक्यं, योग्यताकाङ्क्षासत्तियुक्त एव, यथा रामायणमहाभारतरघुवंशादि (१.२).

In शृगारप्रकाश, भोजराज remarks- विधिनिषेधावगतिहेतुः महावाक्यं प्रबन्धः।

In रसगङ्गाधर, महावाक्यध्वनि is discussed under काव्यलिङ्गालङ्कार etc.

✦

श्रीहरिसम्भवम् महाकाव्य का सांस्कृतिक अध्ययन

शिक्षा अग्निहोत्री

शोधच्छात्रा, प्राच्यसंस्कृतविभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ

भारतीय संस्कृति अर्थात् 'भारत की संस्कृति'। यजुर्वेद का समुद्घोष है– 'सा संस्कृतिः प्रथमा विश्ववारा'। यजुर्वेद का यह समुद्घोष भारतीय संस्कृति की सर्वप्राचीनता एवं सर्वश्रेष्ठता को सिद्ध करता है। भारतीय संस्कृति की प्राचीनता को प्रमाणित करते हुए आचार्य मनु ने कहा है–

''एतद्देशप्रसूतस्य सकाशादग्रजन्मनः।
स्वं स्वं चरित्रं शिक्षेरन् पृथिव्यां सर्वमानवाः।''[१]

भारतीय संस्कृति उदार, महान एवं सर्वकल्याण की भावना से ओतप्रोत है–

''सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः।
सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःखभाग्भवेत्।।''

निःस्वार्थ सर्वकल्याण की यह भावना तो केवल भारतीय संस्कृति में ही दृष्टिगोचर होती है। भारतीय संस्कृति की यह असाधारण विशेषता है कि यह अनेक संक्रमण-व्युत्क्रमणों को पार करके आज भी अपने अक्षुण्ण रूप में विद्यमान है। धर्मपरायणता, प्राचीनता, निरन्तरता, आध्यात्मिकता, समन्वयशीलता एवं सहिष्णुता इत्यादि भारतीय संस्कृति की मौलिक विशेषतायें हैं। भारतीय जनजीवन पर इस संस्कृति का पूर्ण प्रभाव पड़ा है। धर्म, दर्शन एवं भौतिककलापरक विषय भारतीय संस्कृति से अनुप्राणित है। अतएव कहा भी गया है–

''विश्रान्तिर्यस्य सम्भोगे सा कला न कला मता।
लीयते परमानन्दे ययात्मा सा परा कला।।''[२]

विद्वानों के अनुसार धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष रूप पुरुषार्थचतुष्टय की प्राप्ति ही काव्य का प्रमुख उद्देश्य है–

''धर्मार्थकाममोक्षेषु च वैचक्षण्यं कलासु च।
करोति कीर्तिं प्रीतिं च साधुकाव्यनिषेवणम्।।[३]

वाल्मीकि, व्यास, कालिदास, भारवि प्रभृति महाकवि भारतीय संस्कृति के सच्चे उपासक हैं। इनकी कृतियों में सर्वत्र भारतीय संस्कृति प्रतिबिम्बित हो रही है। आदिकाव्य रामायण और महाभारत तो भारतीय संस्कृति के आकर ग्रन्थ हैं। परवर्ती कवियों ने इन दोनों ग्रन्थों को काव्यरचना का आधार बनाकर भारतीय

संस्कृति की समीक्षा की है। ऐसे ही कविसम्राट् अचिन्त्यानन्द के द्वारा प्रणीत 'श्रीहरिसम्भवम्' महाकाव्य भी रामायण, महाभारत एवं बृहत्त्रयी से पूर्णतया अनुप्रेरित है। कविसम्राट् अचिन्त्यानन्द प्रणीत इस महाकाव्य में सत्रह सर्ग हैं जिसमें भारतीय संस्कृति के तत्व सर्वत्र दृष्टिगोचर हो रहे हैं।

कविसम्राट् ने महाकाव्य में अत्यन्त कुशलता से भारतीय संस्कृति के तत्वों का संयोजन किया है। श्रीहरिसम्भवम् महाकाव्य का अनुशीलन करने पर ज्ञात होता है कि **तत्कालीन वर्णव्यवस्था कर्म पर नहीं, बल्कि परम्परागत जन्म पर आधारित मानी गयी है।** भारतीय संस्कृति के अनुसार चारों वर्णों के अलग-अलग कर्म हैं, यथा ब्राह्मण का कर्त्तव्य है कि वह अध्ययन-अध्यापन, यजन-याजन, दान एवं प्रतिग्रह इत्यादि कार्य करे। क्षत्रिय अध्ययन, यजन, दान एवं राष्ट्ररक्षा रूपी महान् कार्य में संलग्न रहे। वैश्य कृषि एवं वाणिज्य के कार्यों का समुचित निर्वाह करें और शूद्र अन्य तीनों वर्णों का परिचर्यात्मक कार्य करें। कविसम्राट् अचिन्त्यानन्द की ब्राह्मण वर्ण के प्रति पूर्ण आस्था है जो महाकाव्य के प्रारम्भ में ही दृष्टिगोचर हो रही है-

''श्रियः पतिर्ब्रह्मपुरात्पुरातनो हरिर्दयालुर्द्विजधर्मवेश्मनि।
अधर्ममुन्मूलयितुं दिवस्तलादवातरत्सारतरस्तरस्विनम्।।''[४]

अर्थात् अलौकिक दिव्यलक्ष्मी से सुशोभित, पुरातन, दयालु और श्रेष्ठतम श्रीहरि भूतल से महाबलवान् अधर्म को उन्मूलित करने के लिये अक्षर धाम से धर्मदेव नाम के ब्राह्मण के ग्रह में प्रादुर्भूत हुए। महाकाव्य के निम्न श्लोक में वर्णाश्रमव्यवस्था का निसर्ग संयोजन हुआ है-

''तत्रापि यः साखनामधेयोऽस्यावान्तरो देवमहर्षिसेव्यः।
विनीतवर्णा श्रमधर्मयुक्तलोकं सुशोभोपवनाभिरामम्।।''[५]

''अजय नामक ब्राह्मण की श्रेष्ठता, वर्णाश्रम धर्म योग्यता एवं निष्ठा का निरूपण करते हुए कवि कहते हैं कि ''अयोध्या नगर के निवासी, जिसके इष्टदेव श्रीकृष्ण हैं, अपने वर्णाश्रम के योग्य सदाचार में सदा निष्ठावान् ऋग्वेदी, शास्त्रपारंगत, कश्यपगोत्र में उत्पन्न अजय नामक ब्राह्मण थे''६ भारतीय समाजधर्म प्रधान है। धर्म हमारी संस्कृति से पूर्णतया अनुस्यूत है। कविसम्राट् अचिन्त्यानन्द वेद, वेदांगवित, परमधार्मिक, आस्तिक एवं श्रीहरि के अनन्य भक्त हैं, अतएव महाकाव्य में सर्वत्र धार्मिक तत्त्व प्रतिबिम्बित हो रहे हैं। धर्म की संस्थिति महाकाव्य के प्रथम सर्ग के प्रथम श्लोक में ही दृष्टिगोचर हो रही है-

''श्रीमद्ब्रह्मपुराधिपः श्रुतिहरो धर्त्ता गिरेर्भूद्ब्रहः
संभेत्ता दितिजोरसश्छलयिता वैरोचनेः क्षत्रहा।
पौलस्त्यं दलयन् भुवो भरहरः कुर्वन् दयां म्लेच्छहा
यः श्रीधर्मसुतो दशाकृतिधरस्तं स्वामिनं नौम्यहम्।।''[७]

महाकाव्य के नायक श्रीहरि के पिता धर्मदेव तो साक्षात् धर्म ही हैं। वे न तो किसी की निन्दा करते हैं और न ही कठोर शब्द कहते हैं। अतएव उनकी धर्म में पूर्ण आस्था को देखकर ही जनसमुदाय ने उन्हें धर्मसंज्ञा से अभिहित किया। आध्यात्मिकता तो भारतीय संस्कृति का प्राण है जिसे हमारी संस्कृति

से पृथक् नहीं किया जा सकता हैं। अध्यात्म-विद्या की प्रधानता स्पष्ट करते हुए 'श्रीमद्भगवद् गीता' में श्रीकृष्ण अर्जुन से कहते हैं कि मैं समस्त विद्याओं में अध्यात्म-विद्या हूँ- "अध्यात्मविद्या विद्यानाम्।"[८]

कविसम्राट् अचिन्त्यानन्द भी अध्यात्मतत्त्वचिन्तक हैं। अधोविन्यस्त पद्य में आध्यात्मिक तत्त्व दृष्टिगत होते हैं-

"सहोदितानन्तसहस्रसूर्यविधुप्रकाशं सततैकरूपम्।
आद्यं जगत्कारणमद्वितीयं यदक्षरं ब्रह्म वदन्ति वेदाः।।"[९]

अर्थात् एक ही साथ में उदित अनन्तसहस्र सूर्य-चन्द्र के प्रकाशसदृश प्रकाशयुक्त निरन्तर एक रूप वाला नित्य जगत् का आदि कारण है जिसके समान और कोई नहीं है- ऐसा अक्षरधाम गोलोक में विराजमान हैं- यह वेदों का कथन है। श्रीहरि के स्तवन में आध्यात्मिक दृष्टि पूर्णतया प्रतिबिम्बित हो रही है। उनकी प्रार्थना में कहा गया है कि भक्ति-योग, ज्ञान-योग और कर्मयोग वाले लोगों का रक्षण करने वाले तथा पापों को नष्ट करने वाले आप में मेरा मन निरन्तर निवास करे। कविसम्राट् अचिन्त्यानन्द भारतीय संस्कृति के आस्तिक कविरत्न हैं। उन्होंने श्रीहरिसम्भवम् महाकाव्य में जातकर्म, उपनयन, विवाह आदि संस्कारों का विधिवत् वर्णन किया है। इस प्रकार श्रीहरिसम्भवम् महाकाव्य का अनुशीलन करने पर ज्ञात होता है कि इसमें वर्णाश्रम व्यवस्था, धार्मिक तत्त्व, अध्यात्म-विद्या, सामाजिक तत्त्व एवं प्रमुख सांस्कृतिक विषयों के वर्णन के साथ ही साथ अन्य छोटे-छोटे विषयों का भी याथातथ्यतः विवरण प्राप्त होता है।

सन्दर्भ-

१. मनुस्मृति- चौखम्बा संस्कृत प्रतिष्ठान, जवाहर नगर दिल्ली-११०००७।

२. संस्कृत काव्यधारा सम्पादक डॉ. शिवबालक द्विवेदी, पृ.सं.-१५।

३. साहित्यदर्पण।

४. श्रीहरिसम्भवम् महाकाव्य १/१३।

५. श्रीहरिसम्भवम् महाकाव्य ३/६४।

६. श्रीहरिसम्भवम् महाकाव्य ५/२।

७. श्रीहरिसम्भवम् महाकाव्य १/१।

८. श्रीमद्भगवद्गीता-गीता प्रेस गोरखपुर-गोविन्द भवन कार्यालय।

९. श्रीहरिसम्भवम् महाकाव्य-२/९।

संस्कृत साहित्य में रसभेदों की महत्ता

डॉ. कुमारी प्रणीता
संस्कृत विभाग, ति.माँ.भा.वि.वि., भागलपुर

विभाव, अनुभाव, संचारी भाव से व्यंजनावृत्ति से अभिव्यक्त सहृदयों के हृदय में विद्यमान रति आदि स्थायी भाव रस के रूप में परिणत होता है।

शृंगार, हास्य, करुण, रौद्र, वीर, भयानक, बीभत्स, अद्‌भुत तथा शान्त के भेद से कुल नौ रस पाये जाते हैं।

सभी रसों के अपने स्थायीभाव होते हैं और उसके वर्ण एवं देवता भी अलग-अलग होते हैं।

श्रृंगार-कामदेव का उद्रेक श्रृंग कहलाता है। उसके आगमन को श्रृंगार कहते हैं यह उत्तम प्रकृति वाला तथा रति स्थायीभाव वाला होता है। इसके दो भेद- सम्भोग एवं विप्रलम्भ होते हैं।

सम्भोग श्रृंगार के उदाहरणस्वरूप निम्न सन्दर्भ प्रस्तुत किया जा सकता है-

"पति के बराबर अलग पलंग पर लेटी हुई नवोढ़ा नायिका ने अपने लेटने के कमरे को सखियों से खाली देखकर अपनी खाट पर से तनिक सा उठकर और नींद का बहाना करके लेटे हुए पति के मुख को बहुत देर तक देखकर, ये सो रहे हैं ऐसा समझकर निःशंक भाव से चुम्बन किया। नायिका के चुम्बन से पति के कपोल पर प्रसन्नताजन्य रोमांच को देखकर वह समझ गयी कि उनके पति जगे हुए हैं और जाग्रदवस्था में ही उसने अपने पति का चुम्बन किया है। इससे उसका मुख लज्जा से झुक गया। इसके बाद लज्जा से नम्र मुख वाली बाला को पकड़कर हँसते हुए प्रियतम ने बहुत देर तक चुम्बन किया।"[१]

विप्रलम्भ वह श्रृंगार-भेद है जिसमें नायक नायिका का परस्पर अनुराग तो प्रगाढ़ हुआ करता है किन्तु परस्परमिलन नहीं हो पाता।[२]

हास्य वह रस है जिसे 'हास' स्थायिभाव का अभिव्यंजन कहा जाता है। यह अपने अथवा दूसरे की विकृत आकृति, वाणी अथवा वेष से उत्पन्न होता है। इसका आलम्बन वह व्यक्ति है जिसमें आकार, वाणी और चेष्टा की विकृतियाँ दिखायी दिया करती हैं और जिसे देख-देख लोग हँसा करते हैं। ऐसे हास्यस्पद व्यक्ति की जो चेष्टायें है वे ही यहाँ उद्दीपन का काम किया करती है। इसके अनुभाव वर्ग में नेत्र-निमीलन, मुख-विकास आदि-आदि की गणना है। निद्रा, आलस्य, अवहित्था आदि इसके व्यभिचारीभाव है।[३] भावप्रकाशकार शारदातनय ने हास्य को तीन भागों में बाँटा है, वाचिक, नैपथ्यज और आंगिक।[४]

जिसमें शोकरूप स्थायिभाव का पूर्णाभिव्यंजन होता है वह करुण रस है। इसकी उत्पत्ति इष्ट जन के वियोग होती है।

निर्वेद, मोह, अपस्मार, व्याधि, ग्लानि स्मृति, श्रम, विषाद, जड़ता, उन्माद और चिन्ता आदि इसके व्यभिचार भाव हैं।[५]

रौद्र रस का स्थायिभाव क्रोध होता है। इसमें आलम्बन रूप से शत्रु का वर्णन किया जाया करता है और शत्रु की चेष्टायें उद्दीपन विभाव का काम करती हैं।

रोमांच, स्वेद, कम्प, आक्षेप, क्रूर दृष्टि आदि इसके अनुभाव है। मोह, अमर्ष आदि व्यभिचारी भाव है।[६]

उत्तम प्रकृति वाला तथा उत्साह स्थायीभाव वाला वीररस के नाम से इंगित किया जाता है।

डारावने शब्द अथवा सत्त्व आदि विभावों से उत्पन्न होने वाला भय का नाम स्थायीभाव ही परिपुष्ट होकर भयानक रस की श्रेणी में आता है। सारे शरीर का कांपना, पसीना छूटना, मुँह सूख जाना, रंग फीका पड़ जाना आदि इसके अनुभाव होते हैं। दीनता, सम्भ्रम, सम्मोह, त्रास, आदि इसके व्यभिचारी भाव हैं।[७]

भयानक रस के उदाहरणस्वरूप अभिज्ञानशाकुन्तलम् का निम्न स्थल लिया जा सकता है।

राजा दुष्यन्त शिकारहेतु राजप्रसाद से बाहर निकले हैं। एक मृग के पीछे उसका रथ दौड़ा रहा है और भय के कारण वह मृग अपनी सारी शक्ति से आगे-आगे भाग रहा है। उस समय दुष्यन्त अपने सारथी से मृग के भागने का वर्णन करते हुए कहता है[८]-

"सुन्दरता के साथ गर्दन घुमाकर पीछे आते हुए हमारे रथ पर बार-बार दृष्टि डालता हुआ और बाण लगने के भय से पीछे के आधे शरीर को अगले शरीर में घुसेड़ते हुए थक जाने से खुले हुए मुख से अर्थात् हाँफते हुए आधे खाये हुए तृणों को पृथ्वी पर गिराता हुआ देखो ये हिरण लम्बी-लम्बी छलाँगें मारने के कारण लगता है आकाश में ही अधिक चल रहा है पृथ्वी पर कम चल रहा है।[९]

जुगुप्सा नाम स्थायीभाव से बीभत्स रस होता है। बीभत्सरस के उदाहरणस्वरूप मालतीमाधव के निम्नस्थल को लिया जा सकता है।

शमशान में किसी प्रेत को मांस खाते देखकर माधव उसकी बीभत्स चेष्टाओं का वर्णन करते हुए कहता है-

"पहले खाल को उखाड़-उखाड़कर कन्धे, नितम्ब, पीठ, पिंडली आदि अवयवों में ऊँचे उभरे हुए अधिक मात्रा में उपलब्ध, भयंकर दुर्गन्धयुक्त सड़े हुए मांस को खा चुकने के बाद दूसरा छीन न ले इस दृष्टि से चारों और देखता हुआ और दाँत निकाले हुए भूखा, दरिद्रप्रेत गोद में रखे हुए मुर्दे के हड्डी के भीतर लगे हुए और गढ़ों में स्थित कच्चे मांस को भी धीरे-धीरे खा रहा है।[१०]

लोकसीमा का अतिक्रमण करनेवाले पदार्थों के वर्णन आदि से विभावित होकर-साधुवाद आदि अनुभावों से परिपुष्ट होकर तथा हर्ष, आवेग आदि व्यभिचारी भावों से भावित होकर विस्मयनामक स्थायिभाव ही अद्भुत रस कहलाता है।[११]

अद्‌भुत रस के उदाहरण में महावीरचरित का निम्न स्थल रखा जा सकता है।

धनुर्भङ्ग के पश्चात् उसकी टङ्कारध्वनि का वर्णन करते हुए लक्ष्मण विस्मित स्वर में कहता है– 'ओह! राम के भुजदण्डों पर चढ़े, शङ्कर के पिनाक के खण्ड-खण्ड होने से उत्पन्न यह घनुष्टंकार-निध्वान, बाल राम के वीर्यावदानों का प्रस्तावक यह डिण्डिमध्वान, अपने प्रखण्ड आधात से ब्रह्माण्ड-भाण्ड को तोड़ता-फोड़ता अथवा पुनः जोड़नेवाला यह भयंकर निर्धात, ओह! अभी भी शान्त नहीं हो रहा है"।[१२]

इस उदाहरण में राम के द्वारा धनुष का तोड़ा जाना आलम्बन विभाव है, उसकी टंकारध्वनि उद्दीपन विभाव है, उसकी सराहना करना अनुभाव है, हर्ष, आवेग आदि व्यभिचारी भाव है।

शान्त वह रस है जो कि 'शम' रूप स्थायिभाव का आस्वादन हुआ करता है। इसके आश्रय उत्तम प्रकृति के व्यक्ति होते हैं। इसका वर्ण कुन्द-श्वेत अथवा चन्द्र-श्वेत हैं। अनित्यता अथवा दुःखमयता आदि के कारण समस्त सांसारिक विषयों की निःसारता का ज्ञान अथवा साक्षात् परमात्म-स्वरूप का ज्ञान ही इसका आलम्बन विभाव है। इसके उद्दीपन हैं, पवित्र आश्रम, भगवान् की लीलाभूमियाँ, तीर्थस्थान, रम्य कानन, साधु-संतों के संग आदि-आदि। रोमांच आदि इसके अनुभाव हैं और इसके व्यभिचारी भाव हैं, हर्ष-स्मृति मति, जीवदया आदि।[१३]

संदर्भ ग्रन्थ सूची

१. अमरूद-अमरूक शतक-८२

२. विश्वनाथ, साहित्यदर्पण ३.२१४-२१७

३. वही ३.२१४-२१७

४. शरदातनय, भावप्रकाशन ३.५०-५१

५. विश्वनाथ साहित्यदर्पण, ३.२२२-२२५

६. वहीं ३.२२७-२३१।

७. शारदातनय, भावप्रकाशन, ३.३६

८. धनंजय, दशरूपक, ४.७३

९. कालिदास, अभिज्ञानशाकुन्तलम् १.७

१०. भवभूति- मालतीमाधव ५.१६

११. धनंजय, दशरूपक ४.७८-७९

१२. भवभूति-महवीरचरित १.५४

१३. विश्वनाथ-साहित्यदर्पण ३.२४५-२४९

प्राचीन भारतीय दर्शन में पंचमहायज्ञ

डॉ. सोनी सिन्हा
अतिथि प्रवक्ता, दर्शनशास्त्र विभाग,
जमशेदपुर वर्कर्स कॉलेज, मानगो, झारखण्ड

प्राचीन भारतीय संस्कृति में पुरूषार्थ तथा वर्णाश्रम धर्म का महत्वपूर्ण स्थान रहा है। पुरूषार्थ को 'मूल्य' कहा गया है। आधुनिक युग में दार्शनिक जिन अलग-अलग मूल्यों की व्याख्या करते है वे सभी मूल्य पुरूषार्थ (धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष) में समाहित हो जाते है। जहाँ भारतीय संस्कृति स्वधर्म तथा साधारण धर्म की बात करती है वे सभी वर्णाश्रम में आते है। संपूर्ण भारतीय दर्शन में मानव योनि को सर्वश्रेष्ठ माना गया है, क्योंकि मानव योनि में रहकर व्यक्ति लौकिक एवं पारलौकिक जीवन को भली भांति समझ कर उत्कर्ष (मोक्ष) को प्राप्त कर सकता है।

भारतीय समाज-दार्शनिकों ने मानव जीवन को अत्यधिक महत्व दिया है। उन्होंने समग्र मानव जीवन को समाजशास्त्रीय एवं मनोवैज्ञानिक रूप से विश्लेषित करके, प्रत्येक मानव जीवन के कर्तव्य बताये है जिन्हे वर्णाश्रम कहा गया है। वर्णाश्रम में बताया गया है कि मानव का कर्तव्य भोग और जीना ही नहीं बल्कि आध्यत्मिक मार्ग पर चलते हुए मोक्ष की ओर प्रवृत होना भी है। भारतीय दर्शन ने जहां पर मोक्ष की बात की है वह कोई निराशावाद का प्रतीक नही बल्कि आशावाद का प्रतीक भी है। मानव के इस समाज में कुछ कर्तव्य है, उनका पालन करना आवश्यक है, यदि इनका पालन न किया जाए तो वह अधूरा कहा जाएगा। समाज के मानव पर ऋण है जो पंचयज्ञों से उऋण हो सकता है। इन्हे भारतीय समाज दर्शन में 'कर्तव्य' कहे गए है।

भारतीय संस्कृति की महत्ता इसी से स्पष्ट होती है कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति के अधिकार और कर्तव्य पुरूषार्थ एवं वर्णाश्रम के अन्तर्गत बताये गये है। ऐसी विचारधारा विश्व की किसी भी संस्कृति में जीव-अजीव के प्रति यज्ञ एवं ऋण अवधारणा में कर्तव्य दर्शाये गए है जो अपने आप में अतुलनीय एवं अद्वितीय है। वैदिक काल से यज्ञ का विधान पाया जाता है। शतपथ ब्राह्मण तथा तैत्तरीयोपनिषद में पांच यज्ञ - ब्रम्हयज्ञ, देवयज्ञ, पितृयज्ञ, भूतयज्ञ, नृयज्ञ (अतिथि यज्ञ) का वर्णन किया गया है।[1] ये यज्ञ प्रत्येक गृहस्थ के लिए आवश्यक माने गए है क्योंकि व्यक्ति इन् यज्ञों के करने से तीन प्रकार के ऋणों से मुक्ति पा लेता है तथा समाज में नैतिक व्यवस्था बनी रहती है ।

भारतीय संस्कृति में दो प्रकार के यज्ञ का वर्णन मिलता है :-

१. श्रौत यज्ञ

२. पंच महायज्ञ

इन दोनों प्रकार के यज्ञों का अर्थ ईश्वर उपासना तथा मनुष्य की त्याग भावना है।

श्रौतयज्ञः- श्रौतयज्ञ की परिभाषा इस प्रकार दी गयी है **'इज्यते हविद्रीयते अन्न इजयन्ते देवता अन्न'** इति वा यज्ञ[२] अथार्त जिसमें सभी देवतओं का पूजन घृत आदि द्वारा हवन हो उसे यज्ञ कहते है। श्रौतयज्ञ के अनुष्ठान में एक देवता या किसी के प्रति समर्पणभाव दर्शया जाता है तथा उसी के द्वारा व्यक्ति लौकिक एवं पारलौकिक जीवन में सुखी होना चाहता है। इस यज्ञ को सभी व्यक्ति नहीं कर सकते। अतः यह अपने आप में एकांगी है। इस श्रौतयज्ञ में पुरोहित द्वारा कार्य संपादन होता है, जिस कारण गृहस्थी गौण तथा पुरोहित मुख्य होता है। इस यज्ञ को सभी गृहस्थ नहीं कर सकते। श्रौतयज्ञ में कर्मकांड, सम्पति, पुत्र आदि की कामना रहती है। श्रौतयज्ञ तीन प्रकार के हैं- सात्विक यज्ञ, राजसिक यज्ञ, तामसिक यज्ञ।[३]

पंच महायज्ञः- भारतीय समाज एवं नीति दार्शनिकों ने गृहस्थाश्रम की अवधारणा के अंतर्गत पंच महायज्ञों का वर्णन करते हुए कहा कि प्रत्येक गृहस्थ के लिये पांच यज्ञों का पालन अति आवशयक है। गृहस्थ प्रतिदिन पंचसूना जनित जो पापानुष्ठान करते है, उनका पंचयज्ञ द्वारा नाश होता है। अतः इन्हे प्रतिदिन करना चाहिए। इन्ही के द्वारा मानव तीन ऋणों से मुक्ति पाता है तथा संपूर्ण ब्रह्माण्ड के प्रति अपने कर्तव्यों को पालन करता है। इस पर पी॰वी॰ काणे कहते है कि श्रौतयज्ञों की अपेक्षा पंच महायज्ञों कि व्यवस्था में अधिक नैतिकता, आध्यात्मिक, प्रगतिशीलता एवं सदाशयता दिखाई पड़ती है।[४] ये पंच महायज्ञ निम्न प्रकार से है। १) ब्रह्मयज्ञ, २) देवयज्ञ, ३) पितृयज्ञ, ४) भूतयज्ञ, ५) नृयज्ञ। प्राचीन ऋषियों ने इन्हे अहुत, हुत, प्रहुत, ब्रह्मय, हुत एवं प्राषित नामों से भी पुकारा है ।

ब्रह्मयज्ञ :- शास्त्रनुसार वेदाध्ययन का नाम ब्रह्मयज्ञ है।[५] इस ब्रह्मयज्ञ को ऋषियज्ञ भी कहा गया है। प्राचीन ऋषि-मुनियों द्वारा दी गयी सात्विक विचारधारा का अध्ययन कर अपनी बौद्धिक शक्ति का उत्कर्ष करके समाज के लोगों को उससे अवगत कराना, ब्रह्मयज्ञ कहलाता है। गृहस्थी सूर्य उदय से पूर्व उठकर नित्यकर्मों से निवृत होकर धर्मशास्त्रों का अध्ययन करते हुआ ईश्वर आराधना करे और मन मैं आये हुए बुरे विचारों को त्याग दे तथा आत्मशुद्धि करता हुआ नैतिकता का विकास करें। इस प्रकार ब्रह्मयज्ञ द्वारा मनुष्य ऋषि ऋण से भी छुटकारा पाता है।

देवयज्ञ :- देव शब्द संस्कृत की दिव्[७] धातु से निष्पन्न है जिसका अर्थ है 'देना' अथार्त वे शक्तियां जो मानव को कुछ प्रदान करती है वे देव कहलाते है। भारतीय दर्शन में सूर्य, अग्नि, वायु, उशा, पुष्प, पेड़-पौधा आदि देव की कोटि में आते है। इनके प्रति 'स्वाहा' पूर्वक अग्नि मैं आहुति देकर कृतज्ञता प्रकट करना ही देवयज्ञ है।[८] यह माना जाता है सभी वस्तुएं ईश्वर ने दी है, इसलिए उसका कर्तव्य भी है की वो देवताओं के प्रति आभारी भी रहे। आहुति के माधयम से जब देवताओं को समर्पित की जाती है तब मानव और इस सृष्टि का कल्याण होता है। गीता एवं मनुस्मृति में कहा गया है की निष्ठा एवं विधिपूर्वक दी गई आहुति सूर्य को प्राप्त होती है, सूर्य से वर्षा, वर्षा से अन्न और अन्न से प्रजा की उत्पति होती है।[९] यह यज्ञ पत्नी के बिना संपूर्ण नहीं होता। अतः गृहस्थ के लिए अति आवश्यक है क्योकि इस यज्ञ को करने से देव-ऋण से मुक्ति मिलती है ।

भूतयज्ञ :- भूतयज्ञ को बलिवैश्वदेव भी कहा गया है। इस यज्ञ में आहुति को अग्नि में न डालकर कर विभिन्न दिशाओं में रखने का प्रावधान बताया गया है। रसोईघर में जो कुछ बनता है उसमे से कुछ मात्रा गाय, कुत्तों, बिलियों, कौओं एवं अन्य प्राणियों को तथा अस्पृश्य लोगों के लिए रखना भूतयज्ञ कहलाता है। इस यज्ञ

द्वारा समाज में त्याग की भावना दर्शाया गया है। ऐसा करने से अनिष्टकारी प्रेतात्मा आदि संतुष्ट हो जाती है। गीता में कहा गया है जो व्यक्ति पाकशाला में खाना बना कर स्वयं ही खाता है और जीवों के लिए नहीं छोड़ता वे पाप कि भागीदारी बनते है। अथार्त कभी भी जीवों को बिना दिए भोजन नहीं करना चाहिए।[10] भूत यज्ञ समस्त जीवों के प्रति सहिषुणता एवं उदारता का पाठ पढ़ा कर व्यक्ति को आत्मकेंद्रित या स्वार्थी होने से बचा लेता है ।

पितृयज्ञ :- पितृयज्ञ का अर्थ पितरों या मरे हुए पूर्वजों को याद करना या तर्पण करना है।[11] इसमें पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता ज्ञपित कि जाती है। भारतीय विचारधारा में कहा गया है कि माता-पिता पुत्र को जन्म देते है और उसका पोषण करके समाज में एक स्थान प्रदान करते हैं, इसलिए प्रत्यके व्यक्ति पर अपने पितरों का ऋण होता है। अतः इस ऋण से उऋण होने के लिए व्यक्ति संतान उत्पन्न करे, ऐसा तभी संभव है जब वह विवाह करे और संतानोत्पत्ति श्राद्ध और पिंडदान द्वारा पितृऋण से उऋण हो। साथ यह भी बताया गया है कि माता-पिता के उत्तम गुणों को भी आत्मसात करें तथा जीवित पितृगण का आदर एवं सेवा करें। यही पितृयज्ञ का वास्तविक अर्थ है। गहराई से अवलोकन करने से स्पष्ट होता है कि इसमें माता-पिता एवं पूज्यजनों के प्रति आदरभाव दिखाई पड़ता है ।

नृयज्ञ :- नृ-यज्ञ का अर्थ अतिथि या मनुष्य भी है। अतिथि का अर्थ जो बिना तिथि बताये आए। समाज के प्रत्यके व्यक्ति का अतिथि सेवा कर्तव्य ही नहीं बल्कि धर्म माना गया है। अतिथि किसी वर्ण या जाति का क्यों न हो वह आदर सत्कार योग्य है। इसलिए तो कहा गया है कि **''अतिथि देवोभव''।** कठोपनिषद् में कहा गया है कि अतिथि के भूखे रह जाने पर सभी पुण्य नष्ट हो जाते है।[13] गृहस्थ के लिए अतिथियों के प्रति कहा गया है कि अतिथि घर पर आता है तो आगे बढ़ कर स्वागत करे, बोधापन सूत्र में कहा गया है कि जो अतिथियों का सेवा करते हैं वे अनेक सुखों को प्राप्त होते है। तैतरिपोपनिषद् में उपयुक्त यज्ञों का वर्णन इस प्रकार किया गया है : जब पितरों को श्राद्ध दी जाती है चाहे वह जल ही जीवों भोजन या पिंड दिया जाता है तो वह भूत यज्ञ है, जब अतिथियों को भोजन दिया जाता है तो वह मनुष्ययज्ञ है। जब स्वाध्याय किया जाता है चाहे एक ऋचा भी क्यों न हो, ब्रम्हयज्ञ कहलाता है ।

महत्व :- पंचमहायज्ञों का पालन करना सभी मनुष्यों का धर्म हैं। इससे आत्मिक, सामाजिक भौतिक, सांस्कृतिक उन्नति होती है। समाज परिवार सुखी रहता तथा संस्कृति का उत्कर्ष होता है। जब मनुष्य यज्ञों का पालन करता है तो उसमे दया, क्षमा, उदारता, सहिष्णुता, कृतज्ञता, सम्मान, प्रिय स्मृति, उत्तम नागरिकता, धार्मिक प्रवृति प्रोत्साहन बानी रहती है तथा **'जियो और जीने दो'** के सिद्धांत का पालन स्वयं हो जाता है। आज आग के गोलों पर बैठे पुरे विश्व का इन पंच महायज्ञों कि बहुत आवश्यकता है।

इन्ही के द्वारा विश्व में शांति स्थापना हो सकती है।

ऊँ शांति

संदर्भ ग्रन्थ सूची

१. शतप्रथ ब्रह्मण (११/५/६/७)
२. The Encyclopedia of india , P. 444 Vol 18
३. The Encyclopedia of india P. 444 Vol 18
४. पीद्नवीद्न काणे, धर्मशास्त्र का इतिहास P. ३८४ भाग १
५. मनुस्मृति ३ / ७३ -७४
६. गरुड. पुराण , अध्याय ११५
७. The Encyclopedia of india , P. 452 Vol 10
८. The Encyclopedia of india, P. 664
९. तैतिरियोपनिषद् २ /१० ए मनुस्मृति ३ /७५ -७६
१०. गीता ३ /१३
११. अध्यापनं ब्रम्ह यज्ञ पितृयज्ञस्तु तर्पणम।
१२. होमो दैवो बलिभोंतो नृयज्ञो अतिथि पूजनं।। गरुड. पुराणए अध्याय
१३. एवं मनुस्मृति ३/७०